■ माघ कृष्ण - 5 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 184 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 30-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 असली दुश्मनों की पहचान करने का समय आ गया है : एन. बीरेन सिंह

6 नीतीश का भाजपा के साथ आना ऐसी अंतिम घटना नहीं

7 अगर मोदी 2024 का लोकसभा चुनाव जीत गए, तो फिर भारत में कोई चुनाव नहीं होगा




## फर्स्ट टेक

### सऊदी रॉयल कमीशन के प्रमुख किये गये गिरफ्तार

**दुबई/एपी।** सऊदी अरब के ऐतिहासिक अल-उला स्थल की देखभाल कर रहे इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ठेकों में करीब 5.5 करोड़ डॉलर के भ्रष्टाचार और धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सऊदी अरब के निगरानी और भ्रष्टाचार रोधी प्राधिकार ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि सरकार में शामिल होने से पहले एक रिश्तेदार के माध्यम से एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए अवैध तरीके से ठेके प्राप्त करने के मामले में सीईओ आमिर बिन सालेह अब्दुलरहमान अल-मदनी को गिरफ्तार किया गया है।

### बजट सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बजट सत्र से पहले मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। हर सत्र से पहले यह एक तरह की पारंपरिक बैठक होती है। बैठक में विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को सामने रखते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं और सरकार उन्हें अपने एजेंडे के बारे में जानकारी प्रदान करती है तथा उनका सहयोग मांगती है। लोकसभा चुनाव से पहले यह बजट सत्र 31 जनवरी को आरंभ होकर 9 फरवरी को समाप्त होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी।

### राज्यसभा की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 56 निवर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है। जिन केंद्रीय मंत्रियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया शामिल हैं।

| 30-01-2024 | 31-01-2024 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 6:08 बजे | सूर्योदय 6:35 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 71,941.57 | 21,737.60 |
| (+1,240.90) | (+385.00) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,488 रु. | 77,200 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



'परीक्षा पे चर्चा' के सातवें संस्करण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किये 25 मंत्र

# मेरा देश, मेरे देश के लोग और उनका मस्तिष्क सामर्थ्यवान है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह हर चुनौती को चुनौती देते हैं और इसके लिए नए तरीके और नई रणनीति इजाद करते रहते हैं।

छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के सातवें संस्करण में उन्होंने कहा कि वह अपनी सारी शक्ति देश का सामर्थ्य बढ़ाने में लगा रहे है क्योंकि जितना ज्यादा देशवासियों का सामर्थ्य बढ़ेगा, चुनौतियों को चुनौती देने की देश की ताकत और बढ़ती जाएगी।

मोदी ने यह भी कहा कि उनका कोई निजी स्वार्थ नहीं है इसलिए कठिन से कठिन निर्णय लेने में उन्हें कोई दुविधा नहीं होती है।

उत्तराखंड के उधमसिंहनगर स्थित खटीमा की एक छात्रा स्नेहा त्यागी सहित कुछ छात्रों ने प्रधानमंत्री से सवाल किया था कि अपने व्यस्त जीवन में वह दबाव को कैसे झेलते हैं और उनकी सकारात्मक ऊर्जा का रहस्य क्या है।

इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हर एक के जीवन में अपनी स्थिति से अतिरिक्त ऐसी बहुत सी चीजें होती हैं जिसको उन्हें मैनेज करना होता है। उन्होंने कहा कि वह उन लोगों में नहीं हैं जो बहुत बड़ी आंधी या कोई संकट आए तो उसके जाने या समाप्त होने का इंतजार करें। उन्होंने कहा, ऐसे लोग जीवन में कुछ हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, मेरी प्रकृति है और जो मुझे काफी उपयोगी भी लगी है। मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। चुनौती जाएगी, स्थितियां सुधर जाएंगी... इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया नहीं रहता हूं। इसके कारण मुझे नया-नया सीखने को मिलता है। हर परिस्थिति को हैंडल करने का नया तरीका, नया प्रयोग, नई रणनीति इजाद करने की मेरी सहज विधा है।

प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ देशवासियों को अपने विश्वास का सबसे बड़ा आधार करार देते हुए कहा कि कि उन्हें कभी नहीं लगता कि वह अकेले हैं। उन्होंने कहा, अगर 100 मिलियन चुनौतियां हैं तो उसके बिलियंस ऑफ बिलियंस समाधान भी हैं। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा पता होता है कि मेरा देश, मेरे देश के लोग और उनका मस्तिष्क सामर्थ्यवान है और हम हर चुनौती को पार कर जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वजह से उन्हें हर प्रकार की चुनौतियों से लड़ने की ताकत मिलती है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं अपनी शक्ति देश के सामर्थ्य को बढ़ाने में लगा रहा हूं। जितना ज्यादा मैं देशवासियों का सामर्थ्य बढ़ाता जाऊंगा, चुनौतियों को चुनौती देने की हमारी ताकत और बढ़ती जाएगी।

प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाले जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की हर सरकार को इस संकट से जूझना पड़ा है लेकिन वह इससे डरकर बैठ नहीं गए। उन्होंने कहा, मैंने उसका रास्ता खोजा। मैंने सोचा कि गरीबी तो तब हटेगी जब मेरा हर एक गरीब तय करेगा कि अब मुझे गरीबी को परास्त करना है और मेरी जिम्मेदारी बनती है कि मैं उसके सपने को सामर्थ्यवान बनाऊं। उसको पक्का घर दे दूं, शौचालय दे दूं, शिक्षा व्यवस्था दे दूं, आयुष्मान योजना दे दूं, उसके घर नल से जल पहुंचा दूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी कोशिश होती है कि देश की शक्ति और देश के संसाधनों पर भरोसा किया जाए।

सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में

## भारतीय युद्धपोत ने अपहृत जहाज और चालक दल को सुरक्षित रिहा कराया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में तैनात एक भारतीय नौसैनिक युद्धपोत ने ईरान के झंडे वाले एक जहाज और उसके चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया जिसका कुछ समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना ने कल रात जहाज से मिली अपहरण की सूचना पर फौरन कार्रवाई की।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, सोमलिया के पूर्वी तटों और अदन की खाड़ी में जलदस्यु रोधी अभियानों के लिए तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के ध्वजवाहक मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में सूचना पर कार्रवाई की। जहाज पर जलदस्यु चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था। उन्होंने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल तथा जलपोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य करने के वास्ते स्थापित मानक चालक प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुरूप काम किया।

## ईडी ने लालू प्रसाद से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की



**पटना/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे थे और नौ घंटे अधिक समय तक चली पूछताछ के बाद वहां से रात आठ बजकर 50 मिनट पर अपने आवास के लिए रवाना हुए।

## एक सप्ताह के भीतर सीएए लागू होगा : शांतनु ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया और राज्य में सीएए के क्रियान्वयन को रोकने का संकल्प जताया।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा कि विवादास्पद कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने कहा, राम मंदिर का उद्घाटन हो गया है। अगले एक सप्ताह में न केवल पश्चिम बंगाल में बल्कि पूरे देश में सीएए को लागू कर दिया जाएगा।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पराभव

बदनाम हो रहे हॉर्स सभी,
नेताओं की नित ट्रेडिंग में।
बेमेल हो रहे गठबंधन,
बेगानों की इस वेडिंग में।
जो हेड बने थे जनता के,
वे बचे न्यूज की हेडिंग में।
ग्रीडिंग में दिखते टॉप आज,
जो कभी उच्च थे ग्रेडिंग में।।

साइबरसिक्योरिटी कंपनी का दावा

## 75 करोड़ दूरसंचार ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में लगी सेंध

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार विभाग ने सेवा परिचालकों से अपनी प्रणाली का सुरक्षा ऑडिट कराने के लिए कहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी के 75 करोड़ भारतीय ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध लगने के दावे के बाद विभाग ने निर्देश जारी किया है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडसेक के दावे के अनुसार, उसके शोधकर्ताओं ने पाया है कि हैक करने वाले डार्क वेब पर 75 करोड़ भारतीय मोबाइल उपभोक्ताओं से जुड़ी जानकारी (1.8 टेराबाइट) या ब्योरा बेच रहे हैं। क्लाउडसेक ने कहा कि हैकर ने किसी भी उल्लंघन में शामिल होने से इनकार किया है और कानूनी रूप से अघोषित स्रोत के माध्यम से आंकड़े प्राप्त करने का दावा किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, ''दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार परिचालकों से अपनी प्रणाली का सुरक्षा ऑडिट कराने को कहा है।'' हालांकि, अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार परिचालकों ने अनौपचारिक रूप से विभाग से कहा है, ''क्लाउडसेक रिपोर्ट में लीक जानकारी का जो दावा किया गया है, वह दूरसंचार ग्राहकों के पुराने आंकड़ों का संकलन लगता है। यह उनकी प्रणाली में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कमजोरी के कारण नहीं है। सरकारी साइबर सुरक्षा इकाई इंडियन कंप्यूटर एमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) से जुड़ी साइबर खुफिया कंपनी ने कहा कि मामला 23 जनवरी को सामने आया।


## मेरी बेटी ने 'संघी' शब्द का इस्तेमाल गलत परिप्रेक्ष्य में नहीं किया : रजनीकांत



**चेन्नई/भाषा।** दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने सोमवार को कहा कि उनकी बेटी ऐश्वर्या ने 'संघी' शब्द का इस्तेमाल गलत परिप्रेक्ष्य में नहीं किया था। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या केवल यह बताना चाहती थीं कि वह (रजनीकांत) आध्यात्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। रजनीकांत ने कहा, ''उन्होंने (ऐश्वर्या) कहा था कि पिताजी एक आध्यात्मिक व्यक्ति हैं जो सभी धर्मों से प्यार करते हैं और जब ऐसा है तो पिता को इस तरह (संघी के रूप में) क्यों वर्णित किया जाना चाहिए।'' जब उनसे इन आरोपों के बारे में पूछा गया कि ऐश्वर्या ने फिल्म ''लाल सलाम'' के प्रचार के लिए इस मुद्दे पर बात की है, तो उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, ''ऐसा कुछ नहीं है।'' ''लाल सलाम'' ऐश्वर्या निर्देशित फिल्म है और नौ फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के कलाकारों में रजनीकांत भी शामिल हैं।

'संघी' दक्षिणपंथी समर्थक या कार्यकर्ताओं के लिए बोलचाल की भाषा में इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है।

### बीटिंग रिट्रीट





राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के 'शंखनाद' से लेकर नौसेना के मधुर 'मिशन चंद्रयान' की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।



# कश्मीर में बर्फबारी से आई पर्यटकों के चेहरे पर खुशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** कश्मीर में बर्फबारी से पर्यटन क्षेत्र में प्रसन्नता दिख रही है, पर्यटकों और पर्यटन से जुड़े स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी है। अच्छी बर्फबारी के अभाव में पर्यटन उद्योग पिछले कुछ महीनों से प्रभावित था। यहां आने वाले कई पर्यटकों ने यात्रा रद्द कर दी थी।

घाटी में पर्यटकों के आगमन पर आमतौर पर गुलमर्ग जैसे रिसॉर्ट्स में पर्यटकों की संख्या अधिक होती है, लेकिन बर्फ के अभाव में यह संख्या कम हो गई, जोकि घाटी में पर्यटन के हितधारकों के लिए चिंता का विषय है। हालांकि, 40 दिनों की कठोर सर्दियों वाले 'चिल्ला-ए-कलां' के अंत में बर्फबारी ने पर्यटकों और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को खुश कर दिया है। बच्चों सहित सैकड़ों पर्यटक गुलमर्ग और सोनमर्ग रिसॉर्ट्स में बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं। कोलकाता के एक पर्यटक जोड़े अनिंदा और देओतिमा ने गुलमर्ग में कहा, हमने 23 जनवरी के लिए टिकट बुक किए थे, लेकिन पूर्वानुमान देखने के बाद हमने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। हम 25 जनवरी को यहां पहुंचे और किस्मत से हमें बर्फबारी देखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बाद कश्मीर सचमुच स्वर्ग जैसा दिखता है। महाराष्ट्र के नागपुर से आए पर्यटक मोहम्मद इमरान ने कहा कि बर्फबारी के बाद वह फिर से गुलमर्ग रिसॉर्ट लौट आए हैं। उन्होंने कहा दो दिन पहले, वहां कुछ भी नहीं था और मैदान खाली दिख रहा था। भगवान की कृपा से अब बर्फबारी हो रही है और हमें यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है... जब हमने सुना कि गुलमर्ग में बर्फबारी हुई है, तो हम श्रीनगर से वापस आ गए।

मौसम विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है और अगले दो दिनों में कुपवाड़ा, बांदीपोरा, बारामूला, गांदरबल, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों जैसे कुछ ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है।

# भारत अगले तीन साल में बन सकता है दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्रालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अगले तीन साल में पांच लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और सतत सुधारों से यह वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी छू लेगा। दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था।

वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था की विरासत के बावजूद भारत वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।

मंत्रालय ने कहा, 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। उन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन सुधारों ने आर्थिक मजबूती भी दी है जिसकी देश को भावी अप्रत्याशित वैश्विक झटकों से निपटने के लिए जरूरत होगी। इसी के साथ मंत्रालय ने कहा कि अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने वर्ष 2047 तक 'विकसित देश' बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने पर इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

समीक्षा रिपोर्ट कहती है, घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत के करीब रहने की संभावना है। 2030 तक वृद्धि दर के सात प्रतिशत से अधिक रहने की काफी गुंजाइश है। हालांकि, मंत्रालय ने समीक्षा में पाया कि हालिया एवं भावी संरचनात्मक सुधारों के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के लिए भू-राजनीतिक संघर्षों का बढ़ा जोखिम चिंता का सबब बन सकता है। इसके मुताबिक, मुद्रास्फीति अंतर और विनिमय दर के संबंध में उचित धारणाओं के अनुरूप भारत 6-7 साल में (2030 तक) सात लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा कर सकता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने समीक्षा रिपोर्ट की भूमिका में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड के बाद अपने पुनरुद्धार को कायम रखने के लिए संघर्ष कर रही है और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसे कुछ झटके 2024 में भी लौट आए हैं। अगर ये झटके कायम रहते हैं तो दुनियाभर में व्यापार प्रवाह, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और मुद्रास्फीति को प्रभावित करेंगे।



# मुंडा ने कृषि क्षेत्र में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इससे छोटे और मझोले किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

मंत्री ने कहा कि किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से न केवल उन्हें लाभ होगा बल्कि पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने में भी तेजी आएगी।

एक सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने यहां 'कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए रूपरेखा' और 'कृषि वानिकी नर्सरी के मान्यता प्रोटोकॉल' का शुभारंभ किया। उन्होंने किसानों के हित में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्यों के संबंधित मंत्रालयों और अन्य संगठनों से सहयोग का अनुरोध किया। मंत्री ने कहा, ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियां हम सभी के सामने हैं, इसलिए हमें सावधानी से आगे बढ़ना होगा। मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी का मान्यता प्रोटोकॉल देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेगा। उन्होंने सभी अंशधारकों से प्रोटोकॉल अपनाने को कहा ताकि गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित लाभ प्रदान कर सके। मुंडा ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश का 54.6 प्रतिशत कार्यबल कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की गतिविधियों में लगा हुआ है।

# प्रश्न पत्र लीक मामलों पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कानून लाएगी मध्य प्रदेश सरकार : मंत्री



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने पर अंकुश लगाने के लिए एक सख्त कानून लाएगी। मंत्री भोपाल के सरकारी सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

सिंह ने कहा, हम (स्कूल) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों को रोकने के लिए एक प्रणाली शुरू करने जा रहे हैं। कोई भी छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं करा पाएगा। छात्रों को सतर्क रहने की जरूरत है। हमने प्रणाली कड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की योजना बना रही है कि परीक्षा के प्रश्नपत्र बिना लीक हुए निर्धारित केंद्रों तक पहुंचें। सिंह ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक कड़ा कानून लाएंगे कि परीक्षा केंद्रों के प्रभारी सहित कोई भी व्यक्ति, जो इस तरह के कदाचार में शामिल है, बच न सके।

# समिति दो फरवरी को यूसीसी का मसौदा प्रदेश सरकार को सौंप देगी : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने वाली विशेषज्ञ समिति अपनी रिपोर्ट दो फरवरी को सौंप देगी जिसके बाद उसे जल्द लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण और 2022 विधानसभा चुनाव से पूर्व उत्तराखंड की जनता के समक्ष रखे गए संकल्प तथा उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप उनकी सरकार प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार के संकल्प को दोहराते हुए धामी ने कहा, 2022 में हुए उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में यूसीसी हमारा संकल्प था और उस संकल्प को पूरा करने के लिए जनता ने हमें आशीर्वाद दिया और सरकार में आने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही हमने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित की। उन्होंने कहा, समिति ने हमें बताया है कि वह दो फरवरी को अपना मसौदा प्रदेश सरकार को दे देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर यूसीसी को प्रदेश में लागू करेंगे। पांच फरवरी से प्रदेश में विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा किया था।

# हरियाणा में 60 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी होगी : मनोहर लाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भिवानी (हरियाणा)/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में लगभग 60 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। मनोहर लाल ने यहां सांसद धर्मबीर सिंह के आवास पर संवाददाताओं से कहा कि सबसे पहले समूह 'सी' की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उसके बाद समूह 'डी' की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान विकास किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, पारदर्शी ढंग से और अंत्योदय की भावना पर चलते हुए पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाा रहा है। इससे गरीबों को बिना मांगे उनका हक मिला है। उन्होंने दावा किया, इन जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित के कार्य के चलते केंद्र और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। अबकी बार लोकसभा और विधानसभा में पहले से भी अधिक सीट मिलेंगी। अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूछे गए सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा, श्रीराम देश की आस्था है और हमारी आत्मा है। श्रीराम के नाम पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। जो श्रीराम का नहीं वो किसी का भी नहीं। मुख्यमंत्री यहां भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के महम मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे और सिंह के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# भिंडरावाले का पोस्टर 'हटाने' को लेकर भीड़ ने गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष की कार पर हमला किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तरन तारन (पंजाब)/भाषा।** पंजाब के तरन तारन में सिख अलगाववादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का पोस्टर हटाने को लेकर भीड़ ने लाठियां और तलवार लहराते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष की कार पर हमला कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान एक पुलिसकर्मी और गुरुद्वारा प्रबंधन कार्यबल के सदस्य घायल हो गए। कुछ दिन पहले भिंडरावाले का पोस्टर लगे तंबू को हटाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद तरनतारन के पहुविंड गांव में यह घटना हुई है। पुलिस ने कहा कि 26 जनवरी को, गुरुद्वारा प्रबंधन ने स्वयंसेवकों के एक समूह को जूतों से संबंधित तंबू स्थानांतरित करने के लिए कहा था, क्योंकि इससे श्रद्धालुओं की आवाजाही में बाधा आ रही थी। पुलिस के अनुसार, स्वयंसेवकों ने इस पर आपत्ति जताई और पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। वीडियो क्लिप देखने के बाद रविवार को कई सिख कट्टरपंथी गुरुद्वारा परिसर पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# स्पाइसजेट को 900 करोड़ रुपए के अधिक का वित्त पोषण मिला, सुविधाओं में सुधार पर देगी ध्यान

**नई दिल्ली/भाषा।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपए के अधिक कोष के साथ अपने बेड़े के उन्नयन तथा लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

एयरलाइन द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों को सोमवार को भेजे एक आंतरिक पत्र के अनुसार, अब उसके पास 900 करोड़ रुपए से अधिक की पर्याप्त राशि है। इसमें सरकार से आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत किस्त के रूप में प्राप्त 160 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

कई परेशानियों से घिरी कंपनी को अब तक ईसीएलजीएस के तहत करीब 1,000 करोड़ रुपए मिले हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि हाल ही में कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह द्वारा एयरलाइन में निवेश करने के बाद यह नई किस्त जारी की गई।

# सैमसंग इस साल भारत में लैपटॉप बनाना करेगी शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुरुग्राम/भाषा।** दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग की इस साल भारत में नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप का विनिर्माण शुरू करने की योजना है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष तथा मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) कारोबार के प्रमुख टी.एम. रोह ने भारत को अपना महत्वपूर्ण विनिर्माण आधार करार देते हुए पत्रकारों से कहा कि भारत में लैपटॉप के विनिर्माण की तैयारी जारी है। भारत दौर पर आए रोह ने कहा, हम इस साल नोएडा कारखाने में लैपटॉप का विनिर्माण शुरू करेंगे। तैयारियां जारी हैं। रोह ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विनिर्माण आधार है। इसे राज्य और केंद्र सरकारों से विभिन्न स्तरों पर समर्थन मिला है। कंपनी भारत में विनिर्माण को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। कंपनी ने हाल ही में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का स्मार्टफोन पेश किया है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता पर अधिक ध्यान दिया गया है। सैमसंग ने नोएडा कारखाने में गैलेक्सी एस24 का विनिर्माण करने की भी घोषणा की है।

रोह ने कहा, नोएडा सैमसंग के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उत्पादन स्थान है। यह सैमसंग का दूसरा सबसे बड़ा आधार है। वैश्विक मांग के लिए संयंत्र का सर्वोत्तम इस्तेमाल करने के लिए इसमें कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। हालांकि, जो अपरिवर्तित है वह यह कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण आधार है।

# पूर्व व्यावसायिक साझेदारों द्वारा दायर मानहानि याचिका सुनवाई योग्य नहीं : धोनी ने अदालत से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि उनके दो पूर्व व्यावसायिक साझेदारों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है।

उच्च न्यायालय ने फिलहाल धोनी, कई मीडिया घरानों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के खिलाफ कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया ताकि उन्हें किसी भी मंच पर वादी के खिलाफ किसी भी कथित झूठी मानहानिकारक सामग्री को पोस्ट करने या प्रकाशित करने से रोका जा सके जो उनकी साख और प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकती है। वादी और पूर्व व्यावसायिक साझेदार मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने धोनी, कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मीडिया घरानों के खिलाफ स्थायी रोक और क्षतिपूर्ति की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें मानहानिकारक, झूठी बातें बनाने, प्रकाशित करने, प्रसारित करने से रोकने की मांग की है। धोनी के वकील अदालत में पेश हुए और कहा कि उनके खिलाफ दायर याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और उन्होंने हाल ही में रांची की एक अदालत में दंपति के खिलाफ मामला दायर किया है। उनके वकील ने आगे कहा कि उन्हें वादपत्र और संबंधित दस्तावेजों की प्रति नहीं मिली है और उन्हें मामला दायर करने के बारे में केवल उच्च न्यायालय रजिस्ट्री द्वारा सूचित किया गया था। इस पर अदालत ने वादी के वकील से तीन दिन के भीतर धोनी के वकील को दस्तावेजों का पूरा सेट उपलब्ध कराने को कहा। वादी की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह केवल मीडिया द्वारा निष्पक्ष रिपोर्टिंग चाहते थे और दावा किया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग निष्पक्ष नहीं थी क्योंकि उन्हें पहले ही ठग और चोर करार दिया जा चुका है।

# भाजपा विधायक ने हिंदू जनाक्रोश सभा में कहा- पुलिस की चिंता न करें, फडणवीस हैं न



**पुणे/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नितेश राणे ने सोलापुर में हिंदू जनाक्रोश सभा से कहा कि वह उनकी आक्रामकता का भरपूर समर्थन करेंगे और वे पुलिस की चिंता न करें क्योंकि उनके बॉस सागर बंगला में बैठे हैं। सागर बंगला महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस का सरकारी आवास है। रविवार को पंढरपुर में रैली के दौरान राणे ने सभा से कहा कि वह हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं और उन्हें पुलिस कार्रवाई के डर के बिना काम करना चाहिए। राणे ने कहा, हम यहां किसी के काम में दखल देने नहीं आए हैं। मैं सभी 'जिहादियों' से कहना चाहता हूं कि आप जहां हैं वहीं रहें और हमसे न भिड़ें क्योंकि हमारे धर्म में हमें सिखाया गया है कि आपको कैसे मिटाना है।

कणकवली से विधायक राणे ने कहा, अगर कोई पुलिसकर्मी सिर्फ इसलिए आपको परेशान करता है क्योंकि आप हिंदू हैं, तो उसके चेहरे पर थप्पड़ मार दीजिए। मैं आपको आश्वासन दे रहा हूं कि हम आपके साथ हैं। सरकार आपके साथ है। राणे ने फडणवीस का जिक्र करते हुए कहा, मैं आपको पुलिस के सामने यह विश्वास दिला सकता हूं कि कोई भी मुझसे नहीं भिड़ सकता क्योंकि हमारा बॉस सागर बंगले में बैठा है।

# जम्मू-कश्मीर में रतले जलविद्युत परियोजना के लिए चिनाब नदी का पानी मोड़ने में सफल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में 850 मेगावाट क्षमता की रतले जलविद्युत परियोजना के काम में तेजी लाने के लिए किश्तवाड़ जिले के द्रबशल्ला में सुरंगों के माध्यम से चिनाब नदी के पानी को मोड़ने में सफलता मिली है। बिजली मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, किश्तवाड़ जिले के द्रबशल्ला में 27 जनवरी, 2024 को सुबह 11.30 बजे सुरंगों के माध्यम से चिनाब नदी के पानी को मोड़ने के साथ जम्मू-कश्मीर में 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना में एक बड़ी सफलता हासिल की गई।

नदी का पानी मोड़ने से बांध की खुदाई और निर्माण की महत्वपूर्ण गतिविधि शुरू करने के लिए नदी तल पर बांध क्षेत्र को अलग किया जा सकेगा। इससे बांध निर्माण गतिविधियों में तेजी आएगी और परियोजना कार्य में किसी देरी को कम करने में मदद मिलेगी ताकि मई, 2026 की निर्धारित तिथि को परियोजना पूरी की जा सके।

रतले परियोजना को पूरा करने का काम रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरएचपीसीएल) कर रही है। यह एनएचपीसी लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर सरकार की संयुक्त उद्यम इकाई है। दोनों की हिस्सेदारी क्रमश: 51:49 प्रतिशत है।

रतले पनबिजली परियोजना की क्षमता 850 मेगावाट है। यह किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर स्थित है। इस परियोजना को जनवरी 2021 में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंजूरी दी थी। इसकी कुल लागत 5,281.94 करोड़ रुपए है।

# दिल्ली पुलिस के वजीराबाद स्थित मालखाने में आग लगने से 450 वाहन जलकर खाक

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस के वजीराबाद स्थित 'मालखाना' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 450 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'मालखाना' वह स्थान है जहां जब्त किए गए वाहन रखे जाते हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि आग तड़के चार बजे लगी। पांच दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। ऑपरेशन दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मालखाने में खड़े 200 चार पहिया वाहन और 250 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

# केरल में महिला कांग्रेस के मार्च के दौरान बेहोश हुईं सांसद जेबी माथर, अस्पताल में भर्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में सोमवार को महिला कांग्रेस के विरोध मार्च को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार की, जिस दौरान पार्टी नेता जेबी माथर बेहोश हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह विरोध मार्च कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य जेबी माथर के नेतृत्व में विधानसभा की ओर निकाला जा रहा था।

राज्य में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कथित तौर पर भारी वृद्धि के विरोध में बड़ी संख्या में कांग्रेस के महिला प्रकोष्ठ की कार्यकर्ताओं ने चावल के खाली बर्तन लेकर विधानसभा की ओर मार्च किया। राज्य महिला कांग्रेस की अध्यक्ष माथर ने ही इस मार्च का नेतृत्व किया, जिसकी शुरुआत विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने की थी। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और विधानसभा की ओर जाने वाली सड़क को अवरुद्ध करने के लिए लगाए गए पुलिस अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। जब कुछ आंदोलनकारियों ने अवरोधकों के पार बर्तन फेंकने की कोशिश की, तो पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं।

# स्टालिन ने लोगों से 30 जनवरी का दिन सांप्रदायिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) प्रमुख एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने पार्टी कार्यकर्ताओं और देशभर के लोगों से 30 जनवरी को गांधीजी की पुण्यतिथि धार्मिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाने की अपील की।

दक्षिणपंथी संगठनों की आलोचना करते हुए स्टालिन ने कहा कि महात्मा गांधी के खिलाफ साम्प्रदायिक तत्वों का आक्रोश उनकी हत्या के 75 साल बाद भी नहीं घटा है। सत्तारूढ़ दल के प्रमुख ने रविवार रात एक बयान में आरोप लगाया कि राज्यपाल आर.एन. रवि की यह टिप्पणी कि राष्ट्र को गांधी के चलते स्वतंत्रता नहीं मिली, केवल दुर्भावना को दर्शाती है। स्टालिन का यह आरोप रवि के इस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि गांधीजी के बारे में उनके कथन का गलत मतलब निकाला गया।

राज्यपाल ने 27 जनवरी को कहा था कि उन्होंने केवल यह कहने की कोशिश की थी कि 1946 में रॉयल इंडियन नेवी और एयर फोर्स का विद्रोह नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरित था, जिसने आजादी की गति और



प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

उन्होंने कहा, मैं महात्मा गांधी का बहुत सम्मान करता हूं और उनकी शिक्षाएं मेरे जीवन का आदर्श रही हैं...कुछ मीडिया संस्थानों ने मेरी टिप्पणी को आधा-अधूरा प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर उक्त बयान दिया था। मुख्यमंत्री ने 'गांधीजी की प्रतिष्ठा को धूमिल करके बहुलवाद को नुकसान पहुंचाने' के प्रयास करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान (राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस) के लिए 30 जनवरी का दिन चुनना इरादतन था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने मार्च के लिए 2 अक्टूबर (पिछले साल) का दिन चुनकर ध्यान 'बंटाने' की कोशिश की। हालांकि, राज्य सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी।

स्टालिन ने देशभर के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से 30 जनवरी का दिन साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाने की अपील की। द्रमुक प्रमुख ने पार्टी की जिला इकाइयों को धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेने के लिए सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित करने का जिम्मा सौंपा है। 30 जनवरी, 1948 को गांधीजी की हत्या कर दी गई थी। यह दिन पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्टालिन राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए 27 जनवरी को स्पेन रवाना हुए और 7 फरवरी को उनके लौटने का कार्यक्रम है।



## उपराष्ट्रपति ने युवा पीढ़ी को 'भारत के वास्तुकार और वास्तविक हितधारक' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के युवाओं को 'भारत के वास्तुकार' कहा और उनसे राष्ट्र में विश्वास करने और भ्रष्टाचार के प्रति समझौता नहीं करने का रवैया अपनाने को कहा। रविवार को 'विकसित भारत 2047' पर एक संवाद सत्र में पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, आप भारत के वास्तुकार हैं। यह केवल एक बयान नहीं है। आप भारत के वास्तुकार हैं क्योंकि आप वास्तविक हितधारक हैं।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के प्रति आपका रवैया समझौता नहीं करने वाला होना चाहिए और आपको अपने राष्ट्र पर विश्वास करना होगा क्योंकि अन्य लोग राष्ट्र पर विश्वास कर रहे हैं। यह इंगित करते हुए कि देश में अब एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है, जहां हर युवा प्रतिभा के पास अपनी क्षमता का दोहन करने, प्रतिभा और ऊर्जा को उजागर करने, सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने का अवसर है। धनखड़ ने कहा, अब निरंकुशता और भ्रष्टाचार खत्म हो गया है और योग्यता पर आधारित तंत्र कायम है। उन्होंने कह, हमने पक्षपात, प्रश्रय देने, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को अलविदा कह दिया है।

उपराष्ट्रपति ने शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा, अब आप जानते हैं कि आप क्या चाहते हैं। आप चाहते हैं कि केवल योग्यता को ही पुरस्कृत किया जाए। जब आपको यह सब मिल गया, तो हमारे लिए 5000 से अधिक वर्ष पुरानी हमारी सभ्यता के लोकाचार को ध्यान में रखते हुए बड़े सपने देखना सही है।

उन्होंने कहा, हमने दुनिया को दिखाया है कि भारत क्या करने में सक्षम है, चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इजराइल-हमास संघर्ष, या मध्य पूर्व या यूरोपीय संघ या अमेरिका से निपटना, भारत की अपनी स्वतंत्र आवाज है। सोमवार को उपराष्ट्रपति ने चिदम्बरम (तमिलनाडु) के लिए रवाना होने से पहले अरबिंदो आश्रम में आध्यात्मिक संत अरबिंदो के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हवाई अड्डे पर उन्हें विदा करने वालों में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल थे।

## तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था 2047-48 तक 2,600 अरब डॉलर होगी : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/चेन्नई।** तमिलनाडु का बाजार मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2047-48 तक लगभग 2,600 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में राज्य का जीडीपी 294 अरब डॉलर था। हालांकि, इस संभावित वृद्धि को हकीकत का रूप देने के लिए राज्य को 111 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की जरूरत होगी।

रियल एस्टेट कंपनियों का संगठन क्रेडाई और संपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली नाइट फ्रैंक ने 'तमिलनाडु: अनवीलिंग इकनॉमिक डायनेमिज्म एंड फ्यूचर पोटेंशियल' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपार्ट के अनुसार, तमिलनाडु, भारत की दूसरी सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्था है। यह देश के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में 8.8 प्रतिशत का योगदान देता है। वित्त वर्ष 2022-23 में, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 294 अरब डॉलर तक होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, कोविड-19 महामारी से पहले 10 साल की अवधि (वित्त वर्ष 2009-2019) में तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि दर औसतन सालाना 11 प्रतिशत रही।

इसमें कहा गया है कि विकास की इस गति से, तमिलनाडु का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2047-48 तक 2,600 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में, तमिलनाडु सरकार अपने जीएसडीपी का 4.8 प्रतिशत पूंजीगत व्यय मद में आवंटित कर रही है। इसमें बड़े पैमाने पर राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित राशि शामिल है।

इसमें कहा गया है, वित्त वर्ष 2047-48 तक 2,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए, पूंजीगत व्यय मद में आवंटन को जीएसडीपी के 5.7 प्रतिशत तक बढ़ाना जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 से 2047 -48 की संचयी अवधि में, राज्य को कुल 111 अरब डॉलर का पूंजी व्यय करना चाहिए।

## सरकार की मदद से देश में पैरा खेलों का हो रहा विकास: पैरा बैडमिंटन कोच गौरव खन्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय पैरा-बैडमिंटन में प्रमोद भगत, रोहित भाकर, नीलेश गायकवाड़, अबु हुबैदा जैसे कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाले राष्ट्रीय कोच गौरव खन्ना ने देश में पैरा खेलों के विकास का श्रेय मौजूदा सरकार को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पैरा खिलाड़ियों के लिए 'अभिभावक' की तरह है। हाल ही में पद्मश्री से नवाजे गये खन्ना ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं इस बात से बहुत संतुष्ट हूं कि चीजें (पैरा खेलों में) कैसे आगे बढ़ रही हैं। इसका श्रेय सरकार और देश के माननीय प्रधानमंत्री को जाता है। वह पैरा-एथलीटों पर काफी ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, वह (मोदी) बड़ी स्पर्धाओं में भाग लेने जाने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते है और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करते है। जब ये खिलाड़ी पदक जीत कर लौटते है तो वह उन्हें पार्टी देते है। वह उनके लिए एक अभिभावक की तरह हैं। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 21 पदक जीते थे। भारतीय पैरा बैडमिंटन में इस परिवर्तन का श्रेय द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच गौरव खन्ना को जाता है। खन्ना बचपन से ही बैडमिंटन खिलाड़ी बनना चाहते थे लेकिन 11 दिसंबर 1975 को जन्में खन्ना घुटने के ऑपरेशन के बाद पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खेल जारी नहीं रख पाये।



उन्होंने हालांकि अपने जुनून का पालन किया और बैडमिंटन से जुड़े रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को कोचिंग देना शुरू किया। खन्ना ने कोच के तौर पर अपनी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा, 1996 में (घुटने के) ऑपरेशन के बाद मेरा पेशेवर करियर खत्म हो गया। इसके बाद 1998 में आरपीएस (राजस्थान पुलिस सेवा) में पहली पोस्टिंग हुई। यहां मैंने कुछ बच्चों को 'इम्प्लांट' पहने हुए देखा। मुझे बताया गया कि वे असामाजिक तत्व है और मुख्य रूप से पॉकेट मारी जैसे अपराध में शामिल बच्चे है। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (बच्चों से) बात की, सांकेतिक भाषा सीखी और उनके लिए रैकेट भी खरीदे।

खन्ना ने अपने जुनून और समर्पण से पैरा-बैडमिंटन को देश में सुर्खियों में ला दिया हो, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें शून्य से शुरुआत करनी पड़ी। जमीनी स्तर पर एक मजबूत टीम बनाने में उत्तर प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री दिवंगत चेतन चौहान ने उनकी काफी मदद की। उन्होंने कहा, मुझे एहसास हुआ कि भारतीय पैरा-बैडमिंटन में कोई उचित या ठोस जमीनी स्तर की व्यवस्था नहीं है। मैंने कई लोगों से मदद मांगी। चेतन चौहान की मदद से लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में इस खेल को शुरु किया। उन्होंने कहा, हमने खराब परिस्थितियों के बावजूद परिणाम देना शुरू किया और कुछ प्रायोजकों से मदद मिलने के बाद हम दूसरी जगह चले गए। खन्ना ने कहा, वहां भी चीजें सुचारू नहीं थी। किराये के आवास में हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लखनऊ में द्रोण पैरालंपिक हाउस की स्थापना के बाद चीजें ठीक हुई। यह स्थल अब पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन प्रशिक्षण स्थल के तौर पर उभरा है उनकी इस अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 200 स्वर्ण सहित 800 पदक जीते है। उन्होंने कहा, यह सफर काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन अगर अंत भला तो सब भला।

### हादसे में 4 छात्रों की मौत

**बागलकोट।** जिले के जामखंडी में अलागुर गांव के पास सोमवार को स्कूल बस और ट्रैक्टर के बीच टक्कर के कारण चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अलागुर में वर्धमान महावीर एजुकेशनल सोसाइटी के 13 से 17 साल की उम्र के छात्र जब कवातागी गांव से लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शोक व्यक्त करते हुए दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की।

### कर्नाटक में कार की चपेट में आकर बाघ की मौत

**मैसूर।** मैसूर के वन क्षेत्र में एक कार की चपेट में आने से सड़क पार कर रहा एक नर बाघ मारा गया। एक वन अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वन संरक्षक मालती प्रिया के अनुसार, दुर्घटना रविवार रात करीब 11 बजे मैसूर-नंजनगुड रोड पर मंडाकल्ली हवाई अड्डे के पास हुई। टक्कर लगने के बाद डेढ़ साल के बाघ की मौके पर ही जान चली गई। प्रिया ने बताया कि वन विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है और कार को जब्त कर लिया गया है। वर्ष 2023 की गणना के अनुसार कर्नाटक में बाघों की संख्या 563 है।

मुलाकात — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तमिलनाडु के मुख्य मंत्री प्रदेश में निवेश लाने के लिए विदेश के कई देश के दौरे पर हे,स्पेन जैन के लिए हवाई जहाज द्वारा यात्रा करते समय अचानक उनके सह यात्री के रूप में टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से मिले और शुभकामनाएं दी।

### सिद्दरामैया ने राष्ट्रपति मुर्मू को एकवचन में संबोधित करने को लेकर खेद जताया

**बेंगलूरु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक वचन में संबोधित करने को लेकर खेद जताते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने इसे अपनी ओर से चूक बताया और कहा कि उनका वह उनका काफी सम्मान करते हैं क्योंकि वह भी उनकी तरह शोषित वर्ग से आती हैं। सिद्दरामैया रविवार को 'फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ ओप्रेस्ड कम्युनिटीज क्लासेज' द्वारा आयोजित एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में की गई अपनी टिप्पणी का हवाला दे रहे थे। उनकी इस टिप्पणी की राज्य में, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) ने कड़ी आलोचना की है।

जद(एस) नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने राष्ट्रपति को एक वचन में संबोधित करने (संभवत: उन्हें की जगह उसे कहने) को लेकर मुख्यमंत्री पद से सिद्दरामैया के इस्तीफे की मांग की है। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सिद्दरामैया ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि संविधान और सर्वोच्च पद पर आसीन एवं इसका प्रतिनिधित्व करने वाले के प्रति उनके मन में अत्यधिक असम्मान है।

सिद्दरामैया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुत आहत और गुस्से में थे क्योंकि भाजपा नेताओं ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह के लिए राष्ट्रपति को सिर्फ इसलिए आमंत्रित नहीं किया कि वह दलित समुदाय से हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया, सम्मेलन में बोलते समय, मैं थोड़ा भावुक हो गया और आक्रोश व्यक्त करते समय जुबान फिसलने के कारण मैंने उन्हें एकवचन में संबोधित किया।

## तमिलनाडु के गरीब ग्रामीणों को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ : राज्यपाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने सोमवार कहा कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण राज्य के नागपट्टिनम जिले में पात्र गरीब ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलना दुखद है। रवि ने 28 जनवरी को कावेरी डेल्टा क्षेत्र में नागपट्टिनम जिले की यात्रा की थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, प्रशासनिक उदासीनता और कथित भ्रष्टाचार के कारण नागपट्टिनम जिले के पात्र गरीब ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाना दुखद है।

राज्यपाल ने नागपट्टिनम जिले के कीझवेनमनी गांव का दौरा किया था। 25 दिसंबर, 1968 को गांव में मानदेय वृद्धि की मांग करने पर जमींदारों द्वारा बच्चों समेत 44 दलित खेतिहर मजदूरों को जिंदा जलाने की भयानक घटना हुई थी। रवि ने कहा, नागपट्टिनम जिले के



कीझवेनमनी गांव का दौरा किया और 1968 के नरसंहार के एकमात्र जीवित व्यक्ति थिरु जी. पलानिवेल से मुलाकात की। मछुआरों द्वारा बसाए गए नांबियार नगर और अनुसूचित जाति बहुल जीवा नगर का भी दौरा किया। सभी गांवों में घोर गरीबी देखकर हैरान हूं। जानना चाहता हूं कि इन अभागे भाई-बहनों को सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए कब तक इंतजार करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य की द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार नीतिगत मामलों सहित कई मुद्दों पर राज्यपाल रवि का कड़ा विरोध करती रही है।

# कर्नाटक में हनुमान ध्वज हटाने को लेकर विवाद हुआ तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मांड्या।** केरागोडु में अधिकारियों द्वारा 108 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर फहराए गए भगवान हनुमान की छवि वाले भगवा झंडे को हटाने को लेकर हुआ विवाद सोमवार को गहरा गया। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जारी रखा और ध्वज को एक बार फिर फहराने की मांग की। केरागोडु गांव में हनुमान ध्वज को हटाए जाने के बाद जोरदार विरोध प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में है। इस घटना के बाद राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है और विपक्षी भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस सरकार के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है।

पुलिस ने रविवार को भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया। पुलिस एवं प्रशासन ने हनुमान ध्वज उतारकर उसकी जगह तिरंगा फहरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने आज सुबह जय श्री राम के नारों के बीच केरागोडु से मांड्या जिला मुख्यालय में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकाला। उन्होंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मार्च में भाग लेने वालों में भाजपा नेता सी टी रवि और प्रीतम गौड़ा भी शामिल थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जैसे ही मार्च मांड्या शहर पहुंचा, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया क्योंकि कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और अन्य कांग्रेस नेताओं की तस्वीर वाले एक पोस्टर को निशाना बनाने की कोशिश की थी। एहतियात के तौर पर पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है, क्योंकि केरागोडु और आसपास के गांवों के लोग, भाजपा, जद(एस) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं ने झंडे को हटाने का विरोध जारी रखा और मांग की कि इसे एक बार फिर फहराया जाए। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को विपक्षी भाजपा और जद(एस) पर आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए झंडा हटाने के मुद्दे पर लोगों को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्टीकरण दिया कि अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा क्योंकि अनुमति केवल राष्ट्रीय और कन्नड़ ध्वज फहराने के लिए ली गई थी। मुख्यमंत्री ने उन्हें हिंदू विरोधी कहने के लिए भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) पर भी पलटवार किया और कहा, वह एक ऐसे हिंदू हैं, जो सभी धर्मों के लोगों से प्यार करते हैं। विपक्ष के नेता आर अशोक (भाजपा) और राज्य जद(एस) प्रमुख एचडी कुमारस्वामी के विरोध में शामिल होने पर सिद्धारमैया ने कहा कि वे लोगों को भड़काने में लगे हुए हैं। विरोध प्रदर्शन में केरागोडु और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही हैं. सबसे आगे रहने वाले नेताओं ने कहा कि जब तक भगवा झंडा दोबारा नहीं फहराया जाता तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने जय श्रीराम के नारे के साथ जिला प्रशासन और कांग्रेस सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केरागोडु में, पुलिस ने ध्वजस्तंभ के चारों ओर अवरोधक लगाए हैं और जगह को सुरक्षित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई अप्रिय घटना न हो, इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस बीच, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार की हिंदू विरोधी नीति की निंदा करते हुए और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। बेंगलूरु में, भाजपा ने जयनगर विधायक सीके राममूर्ति और अन्य नेताओं के नेतृत्व में मैसूरु बैंक सर्कल में विरोध प्रदर्शन किया। उन्हें हिरासत में लिया और पुलिस अपने साथ ले गई। पुलिस ने कहा कि स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी।

### भगवा ध्वज हटाने का विवाद
## सिद्दरामैया ने भाजपा व जद(एस) पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) पर आरोप लगाया कि वह आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मांड्या जिले के केरागोडु गांव में सरकारी अधिकारियों द्वारा 108 फुट ऊंचे ध्वजस्तंभ पर फहराए गए भगवा ध्वज को हटाने के मुद्दे पर लोगों को भड़का रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों को इसलिए हस्तक्षेप करना पड़ा कि अनुमति केवल राष्ट्रीय और कन्नड़ ध्वज फहराने के लिए ली गई थी। उन्होंने खुद को 'हिंदू विरोधी' कहने के भाजपा के आरोप पर भी पलटवार किया और कहा कि वह एक हिंदू हैं, जो सभी धर्मों के लोगों से प्यार करते हैं। केरागोडु में सोमवार को स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में रही। केरागोडु में एक दिन पहले ध्वजस्तंभ पर फहराए गए भगवान हनुमान की छवि वाले भगवा ध्वज को हटाने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया था और इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई भी की थी।

प्रदर्शन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने रविवार को लाठीचार्ज किया। पुलिस और प्रशासन ने ध्वजस्तंभ पर से 'हनुमान ध्वजा' हटाकर तिरंगा फहरा दिया था। सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बेवजह बातें बना रही है। राष्ट्रीय ध्वज या कन्नड़ ध्वज फहराने के लिए अनुमति ली गई थी। हम किसी झंडे के विरोधी नहीं हैं। कल वे उपायुक्त(डीसी) कार्यालय पर ऐसा करना (भगवा ध्वज फहराना) चाहेंगे, ऐसा नहीं किया जा सकता। जिस ध्वज के लिए अनुमति ली गई थी, उसे फहराया जाना चाहिए, इसलिए जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। नेता प्रतिपक्ष आर अशोक (भाजपा) और जनता दल (एस) प्रमुख एचडी कुमारस्वामी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि वे लोगों को भड़काने में लगे हुए हैं।

## एवीजीसी-एक्सआर प्रौद्योगिकी से कर्नाटक में 30,000 नौकरियों का सृजन होगा : सिद्दरामैया



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार कर्नाटक को एवीजीसी एक्सआर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक नवाचार नेता के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि एवीजीसी एक्सआर प्रौद्योगिकी से राज्य में 2028 तक उच्च गुणवत्ता वाली 30 हजार नौकरियों का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का मीडिया और मनोरंजन उद्योग भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग का 20 प्रतिशत है, जिसमें 15,000 से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 300 से अधिक विशिष्ट एवीजीसी-एक्सआर स्टूडियो भी हैं।

मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा समर्थित वार्षिक कार्यक्रम 'बेंगलूरु जीएएफएक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद कहा वह कर्नाटक को एवीजीसी-एक्सआर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक नवाचार नेता के रूप में स्थापित करने, राज्य को एवीजीसी-संबंधित कौशल के लिए उत्कृष्टता के केंद्र में बदलकर एक मजबूत प्रतिभा पूल बनाने और वर्ष 2028 तक इस क्षेत्र में 30,000 नई उच्च-गुणवत्ता वाली नौकरियों का सृजन करने की कल्पना करते हैं। जीएएफएक्स का मतलब गेमिंग, एनिमेशन और 'विजुअल इफेक्ट्स' है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नवंबर 2023 में जैव प्रौद्योगिकी और 'एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी' (एवीजीसी-एक्सआर) नीति का मसौदा जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ईआरसीपी को लेकर हंगामा, विधानसभा की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर हुए समझौते को लेकर सोमवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ जहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार से जवाब की मांग की। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। शून्यकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने यह मुद्दा उठाना चाहा। उन्होंने कहा कि सदन चल रहा है और ऐसे समय में राज्य सरकार ने ईआरसीपी संबंधी समझौता किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मुद्दे पर सदन में जानकारी व जवाब देना चाहिए।इस बीच, सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों व मंत्रियों ने यह मुद्दा उठाने पर आपत्ति जतायी। इससे दोनों पक्षों के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष को यह मुद्दा उठाने की अनुमति देने से यह करते हुए इनकार कर दिया कि यह विषय आज की कार्य सूची में नहीं है इसलिए इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

विपक्षी सदस्य आसन के सामने आकर नारेबाजी करते हुए सरकार से जवाब दिलवाने की मांग करने लगे।

विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन ने राजस्थान माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कर दिया। उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी की संयुक्त परियोजना रपट (डीपीआर) बनाने को लेकर रविवार को नई दिल्ली में केन्द्र सरकार, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इससे पहले सुबह प्रश्नकाल के दौरान किसानों को बिजली आपूर्ति संबंधी एक सवाल के मंत्री द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। विपक्ष ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा समुचित जवाब नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। सदन ने प्रश्नकाल के बाद विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के निधन पर शोक प्रकट किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके सम्मान में सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित की गयी।



# ईआरसीपी के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जयपुर एयरपोर्ट पर आमजन ने दिया धन्यवाद

जयपुर। राजस्थान के 13 जिलों के लिए बहुप्रतीक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर रविवार को नई दिल्ली में त्रिपक्षीय एमओयू हस्ताक्षर हुए।

इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जब नई दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे तब वहां विभिन्न जिलों से आए लोगों ने धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर उनकी वर्षों पुरानी आस अब पूरी हुई है। इससे राज्य के 13 जिलों में 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे 25 लाख से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे। साथ ही, औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी के तहत पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी।

# सरकारी कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहाया जाएगा : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपी कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया जाएगा।

दिलावर ने कहा कि अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोपी सरकारी कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त किया जाएगा। यहां एक आधिकारिक बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ऐसे अपराधों (भ्रष्टाचार) के दोषियों की अवैध संपत्तियों को भी बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उन सरकारी कर्मचारियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले दर्ज हैं, लेकिन पर्याप्त सबूतों के अभाव में अब तक कार्रवाई से बच गए हैं।

उन्होंने कहा कि अवैध संपत्तियों को ढहाने में उन्हें अगर नियमों के उल्लंघन के लिए फांसी भी हो जाए तो कोई परवाह नहीं होगी। शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने सरकारी अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से जमा की गई संपत्तियों को लेकर इसी तरह की चेतावनी दी थी।

# जेईई परीक्षा की अभ्यर्थी छात्रा ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा, मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गयी है और वह एक या दो दिन में ही जेईई की परीक्षा देने वाली थी। निहारिका ने इस कदम के लिए अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है।

निहारिका के कमरे से बरामद किए गए नोट में उसने लिखा, मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था। एक सप्ताह के भीतर कोटा में किसी विद्यार्थी के आत्महत्या करने का यह दूसरा मामला है।

कोटा में छात्रा के आत्महत्या करने का यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि निहारिका शहर के बोरखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत शिव विहार कॉलोनी में स्थित अपने पारिवारिक घर में रहती थी और उसे 30 या 31 जनवरी को जेईई परीक्षा देनी थी।

अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह पढ़ाई के तनाव में थी और खुद को परीक्षा देने में असमर्थ पा रही थी। उन्होंने बताया कि निहारिका तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके पिता कोटा में एक निजी बैंक में सुरक्षा गार्ड हैं। यह परिवार झालावाड़ जिले के अकावदाखुर्द गांव का रहने वाला है और पिछले तीन साल से कोटा शहर में रह रहा है। निहारिका के एक परिजन ने कहा कि वह आगामी जेईई परीक्षा को लेकर काफी तनाव में थी। कम अंक आने के कारण उसे 12वीं कक्षा की परीक्षा दोबारा देनी पड़ी थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि निहारिका पढ़ाई में अच्छी थी और प्रतिदिन सात से आठ घंटे तक पढ़ाई करती थी।



# हिजाब को लेकर विधायक के बयान पर विवाद, छात्राओं का थाने के बाहर प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली मुस्लिम छात्राओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सुभाष चौक पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विधायक ने स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी। कई स्कूली छात्राओं ने आज सुभाष चौक थाने के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और स्थानीय भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से माफी मांगने और नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने संवाददाताओं से कहा, विधायक वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए हमारे स्कूल आए थे। हमने उनका स्वागत किया। हमें बताया गया कि हिजाब की अनुमति नहीं है। विधायक ने हमसे पूछा कि हिजाब पहने बच्चियां सांस कैसे लेती हैं। बाबा को माफी मांगनी चाहिए।

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक रफीक खान ने इस मुद्दे को सदन में उठाने की भी कोशिश की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी और इस बारे में उनकी टिप्पणी को विधानसभा की कार्यवाही से हटाने को कहा। हवामहल सीट से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने मुस्लिम छात्राओं के प्रदर्शन के सवाल पर संवाददाताओं से कहा, मैंने विद्यालय की प्राचार्य से पूछा था कि सरकारी विद्यालय में जब 26 जनवरी का कार्यक्रम हो या वार्षिक उत्सव हो तो दो प्रकार की पोशाक का प्रावधान है क्या? प्राचार्य ने कहा नहीं है.. मानते नहीं हैं।

उन्होंने कहा, विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान छोटी बच्चियां और आठवीं, दसवीं कक्षा की सभी बच्चियां या तो हिजाब में थी या बुर्के में। वहां दो तरह का माहौल नजर आ रहा था तो मैंने प्राचार्य से पूछा था कि विद्यालय का ड्रेस कोड बना हुआ है? आचार्य ने कहा मेरा सवाल बिल्कुल वाजिब है जब सरकारी विद्यालय का अपना एक ड्रेस कोड बना हुआ है, नियम बना हुआ है उस अनुरूप सारा अध्ययन हो रहा है। स्कूल होता किस लिये है.. नियम सिखाने के लिए और वहां इस प्रकार का माहौल बना रखा था वो विचारणीय है। उन्होंने कहा, स्कूलों में दो प्रकार के ड्रेस कोड क्यों? मैंने मदरसों में जाकर तो नहीं बोला कि मदरसों की ड्रेस बदल दो.. वहां का नियम है.. उस नियम अनुरूप होना चाहिए। सहायक पुलिस आयुक्त (उत्तर) डॉ हेमंत जाखड़ ने बताया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक बालमुकुंद आचार्य के बयान के विरोध में सोमवार को छात्राओं और उनके परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं और उनके परिजनों की मांग है कि विधायक उनके द्वारा दिये बयान पर माफी मांगे। इस संबंध में उन्होंने एक शिकायत दी है, जिसकी जांच की जा रही है। परिवाद में क्या लिखा है इस बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। छात्राओं और परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाभड़ा के सम्मान में विधानसभा की कार्यवाही आधे घंटा स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके सम्मान में सदन की कार्यवाही आधे घंटे स्थगित भी की गई।

इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा को शांति और उनके परिजनों को इस बिछोह को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रारम्भ में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाभड़ा का जन्म छह अगस्त, 1928 को नागौर जिले के डीडवाना कस्बे में हुआ। उन्होंने बी.ए., एल.एल.बी. की उपाधियां प्राप्त कर वकालत को पेशे के रूप में अपनाया। भाभड़ा के संसदीय जीवन की शुरूआत वर्ष 1978 में राज्य सभा सांसद के रूप में हुई। वे आठवीं, नवीं और दसवीं राजस्थान विधानसभा में रतनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रहे। नवीं एवं दसवीं विधान सभा में वर्ष 1990-1994 के दौरान वे विधानसभा अध्यक्ष के पदपर आसीन रहे। अध्यक्षपद पर रहते हुए भाभड़ा ने विधानसभा की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को अक्षुण्णरखा। उन्होंने सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए अनेक नवाचारों की शुरुआत की।

देवनानी ने शोक प्रस्ताव में कहा कि भाभड़ा की पहल पर राजस्थान विधानसभा में नई परम्परा के रूप में 16 सितम्बर 1992 को सत्र की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम्..' से की गई तथा सत्र का समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन....' से किया गया। यह परम्परा आज भी जारी है। भाभड़ा के निर्देशन में वर्ष 1993 में विधानसभा की त्रैमासिक शोध पत्रिका 'विधान बोधनी' सहित अन्य प्रकाशन शुरू किये गये। दसवीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान भाभड़ा के सभापतित्व में राजस्थान में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए एक समिति का गठन किया गया। जून, 2004 में भाभड़ा को आर्थिक नीति एवं सुधार परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया। उनके सद प्रयासों से ही 10 अगस्त, 1998 को नये विधानसभा भवन की आधारशिला रखी गई।

शोक प्रस्ताव में उल्लेख किया गया कि भाभड़ा के बहुआयामी व्यक्तित्व में एक प्रतिबद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रिय राजनेता और कुशल प्रशासक के गुणों को दृष्टिगत रखते हुए छह अक्टूबर, 1994 को उन्हें राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बनाया गया। इस दौरान भाभड़ा के पास वित्त विभाग का कार्यभार रहा।

# पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आगामी दिनों में राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य में आगामी दिनों में एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। पहला विक्षोभ 31 जनवरी से एक फरवरी के दौरान सक्रिय होगा। राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी भागों में हल्की बारिश के रूप में इसका प्रभाव पड़ने का अनुमान है।

दूसरा पश्चिमी विक्षोभ तीन से चार फरवरी को सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से तीन से चार फरवरी के बीच बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र और जयपुर संभाग में गर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

इसके अनुसार राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आगामी दिनों में मौसम सामान्य तौर पर शुष्क बने रहने की संभावना है। वहीं, आगामी दो दिन राज्य के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं-कहीं घना कोहरा भी दर्ज होने की संभावना है। इस बीच, राज्य में बीते चौबीस घंटे की अवधि में सिरोही में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री, सीकर और फतेहपुर में आठ डिग्री, पिलानी और चुरू में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पूजा



सोमवार को झालावाड़ प्रवास के दौरान गायत्री मंदिर, पीपलिया बालाजी, गढ़ गणेश जी और धोकड़े के बालाजी मंदिर में आरती और दर्शन कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करती पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे।



# आदिवासियों की प्रकृति पोषण परंपराओं से सीखने की जरूरतः मिश्र

जयपुर/दक्षिण भारत । राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक समाज है और उनकी प्रकृति पोषण परंपराओं से सीख लेने की जरूरत है। मिश्र नेहरू युवा केन्द्र की ओर से केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के सहयोग से राजभवन में आयोजित 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विविधता में एकता की भारत भूमि को समझने और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना से साक्षात होने का अवसर है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं का राजभवन स्वागत करते हुए उनसे अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र के विकास में करने का आह्वान किया। मिश्र ने कहा, आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए अपनी-अपनी विशिष्ट परंपराएं हैं। आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत इन परंपराओं के संरक्षण का कार्य होना चाहिए। इससे पहले गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, ओडिशा के मलकानगिरी और आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम के आदिवासी युवाओं ने जनजातीय क्षेत्र की नृत्य और संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक हेन्द्र सिंह सिसोदिया ने आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजन के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।





# राजभवन में हुआ परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के राजभवन में सोमवार को परीक्षा पे चर्चा-2024 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र राजभवन के महाराणा प्रताप लॉन में विद्यार्थियों के साथ इस प्रसारण के साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए परीक्षा में होने वाले तनाव और सफलता की तैयारी पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि जीवन में यदि प्रतिस्पर्द्धा और चुनौतियां नहीं हो तो जीवन नीरस हो जाएगा।

पर प्रतिस्पर्द्धा स्वस्थ हो, द्वेस भाव लिए नहीं हो। उन्होंने परीक्षा को तनाव के बजाय उसे सहजता में लेने और जीवन में संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। पढ़ने के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने, अनिर्णय से बचने आदि को अपनाते जीवन को उत्सव बनाते परीक्षा में तनाव से मुक्त रहकर उसका सामना करने पर जोर दिया। मिश्र के साथ ही इस कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। बाद में राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा में सफलता इस बात पर निर्भर करती हैं कि आप उसके प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं।

# राजस्थान में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान आज से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान मंगलवार से शुरू होगा जिसके तहत जिला, खंड एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियां होंगी। जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने एक बयान में बताया कि राज्यभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अनुसार कुष्ठ दिवस (30 जनवरी) से शुरू होने वाले इस अभियान में जिला, खंड एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके तहत कुष्ठ दिवस पर सरपंच द्वारा ग्रामसभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए



सार्थक प्रयास करने की अपील की जाएगी। साथ ही कुष्ठ रोग मुक्त होने वाले व्यक्ति को सभा का विशिष्ट अतिथि घोषित किया जाएगा। कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता को लेकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

माथुर ने बताया कि अभियान के तहत 30 जनवरी से लेकर 13 फरवरी तक जिला, खंड एवं पंचायत स्तर पर लाउड स्पीकर, समाचार-पत्रों, टीवी, रेडियो, पोस्टर, सहित अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों से कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



## बैरकपुर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ संघर्ष में भाजपा के कई कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता/भाषा।** कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर मार्च निकाले से रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की सोमवार को पुलिस से तीखी झड़प हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'जय श्री राम, भारत माता की जय' और 'ममता बनर्जी हाय हाय' के नारे लगाते हुए 500 से अधिक प्रदर्शनकारी चिड़िया मोड़-बीटी रोड चौराहे पर दो पुलिस अवरोधकों को गिराकर आगे निकल गए। हालांकि, तीसरे अवरोधक पर उन्हें रोक लिया गया और पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पथराव शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आंसूगैस के गोले छोड़े। इससे अफरा-तफरी मच गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि पुलिस की आक्रामक कार्रवाई की वजह से कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने दलील दी कि पुलिस की कार्रवाई कानून सम्मत थी और हालात को काबू में करने के लिए की गई थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पुलिस पर अन्यायपूर्ण तरीके से शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर अनुचित कार्रवाई करने और कई महिला कार्यकर्ताओं को घायल करने का आरोप लगाया।



## लालू प्रसाद यादव पूछताछ के लिए पटना के ईडी कार्यालय में पेश हुए

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित 'जमीन के बदले नौकरी घोटाला' मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं और वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'महागठबंधन' से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद भारती ने संवाददाताओं से कहा, जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं।

## छत्तीसगढ़: लोगों को हिंदू देवताओं में विश्वास न करने की शपथ दिलाने का आरोपी प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**बिलासपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में लोगों को हिंदू देवताओं में विश्वास न करने और बौद्ध धर्म अपनाने की कथित तौर पर शपथ दिलाकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोपी एक सरकारी स्कूल के 60 वर्षीय प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 22 जनवरी को हुई जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने रतनलाल सरोवर को निलंबित कर दिया, जो भरारी गांव में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक थे।

एक दक्षिणपंथी संगठन के पदाधिकारी रूपेश शुक्ला की शिकायत के हवाले से एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कथित तौर पर उन्हें भगवान शिव, राम और कृष्ण सहित हिंदू देवताओं की पूजा नहीं करने और बौद्ध धर्म का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह घटना सरोवर के कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में दावा किया गया है कि उनके इस कृत्य से सनातन धर्म के अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत के आधार पर रविवार को सरोवर को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के प्रतिकूल कार्य करना) और 295ए (किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# झामुमो ने मुख्यमंत्री सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में रैली निकाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को रांची में झामुमो कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली निकाली। पार्टी के झंडे, बैनर और सोरेन की तस्वीरें लेकर समर्थक मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए, जहां से उन्होंने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास की ओर मार्च किया।

झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन 27 जनवरी की रात को राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हो गए थे, जबकि यहां रांची में सोमवार के निर्धारित सरकारी कार्यक्रम बिना किसी स्पष्टीकरण के रद्द कर दिए गए हैं। रैली के दौरान ''हेमंत सोरेन मत घबराना, हम तुम्हारे साथ हैं'' जैसे नारे लगाए गए। रैली मोरहाबादी मैदान लौटने से पहले मुख्यमंत्री आवास और राजभवन के पास से गुजरी। रैली में भाग लेने वाले झामुमो समर्थक खूंटी, रांची, गढ़वा, रामगढ़ और गुमला जैसे विभिन्न जिलों से आए थे। गढ़वा से आए 60 वर्षीय झामुमो कार्यकर्ता रामनाथ तुरी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार सोरेन को ईडी के जरिये निशाना बना रही है। तुरी ने कहा, मुख्यमंत्री 20 जनवरी को पूछताछ के लिए पेश हुए थे। ऐसे में ईडी की आगे की कार्रवाई अनावश्यक है। हम मुख्यमंत्री के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं।

### स्थिति पर नजर रखे हुए हूं, समय आने पर फैसला लूंगा : राधाकृष्णन



**रांची/भाषा।** झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का समन मिलने के मद्देनजर राज्य की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और वह समय आने पर फैसला करेंगे।

झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन (48) 27 जनवरी की रात राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हुए थे, जबकि राज्य में सोमवार को निर्धारित उनके सरकारी कार्यक्रमों को बिना कारण बताए रद्द कर दिया गया है।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन-पूजन किए और सुखी उत्तर प्रदेश की कामना की।

सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार हनुमानगढ़ी में संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। योगी गोरखपुर में अपने गुरुओं को शीश नवाकर दोपहर में अयोध्या पहुंचे।

बयान के अनुसार सोमवार को रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। जनवरी में योगी का राम नगरी का यह छठा दौरा है।

मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्था के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्था को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके सुझाव लिया।

## नीतीश जल्द करेंगे मंत्रिमंडल विस्तार

### विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए गोलबंदी शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है। कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नए मंत्रिमंडल की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में शपथ लेने वाले आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी। रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद कुमार ने कहा था कि अब राजग को छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है। जद (यू) के शीर्ष नेता ने कहा था, मैं पहले भी उनके (राजग) साथ था। हम अलग-अलग रास्तों पर चले गए, लेकिन अब हम साथ हैं और रहेंगे। मैं जहां (राजग) था, वहां वापस आ गया और अब कहीं और जाने का सवाल ही नहीं उठता।

## राजग में शामिल होने का नीतीश कुमार का फैसला सही : आठवले



**लखनऊ/भाषा।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि नीतीश कुमार का निर्णय बिहार की प्रगति के लिए सही समय पर उठाया गया सही कदम है। केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने यहां पीटीआई.भाषा से बातचीत में कहा कि ''नीतीश कुमार का निर्णय सही समय पर उठाया गया सही कदम है। और यह 'इंडिया गठबंधन' को बहुत बड़ा झटका देने वाला है।

विपक्षी दलों द्वारा नीतीश कुमार को पलटूराम नाम दिए जाने पर आठवले ने कहा ''नीतीश कुमार को पलटूराम कहना उचित नहीं है। पलटने वाले बहुत लोग हैं। यह 'पलटने' का मामला नहीं है। कभी-कभी आपको सही समय पर सही निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 'नीतीश का फैसला सही है और यह कांग्रेस के लिए एक चुनौती है। आरपीआई (ए) प्रमुख ने कहा कि नीतीश कुमार अब नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम करने के लिए राजग में आए हैं, उनका स्वागत है। यह याद दिलाने पर कि विपक्ष उन्हें अवसरवादी कह रहा है, आठवले ने कहा कि वह (नीतीश) अवसरवादी नहीं बल्कि कांग्रेस अवसरवादी है।

## भाजपा वोट नहीं देने पर ईडी, सीबीआई को लोगों के घर भेजने की धमकी दे रही : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कूच बिहार (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में उसे वोट नहीं दिया तो उनके घरों में केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दिया जाएगा।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने कूच बिहार में स्थानीय लोगों, विशेषकर राजबोंगशियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि उनके नाम मतदाता सूची में हों ताकि वह संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) से ''खुद को बचा'' सकें। बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में कहा, भाजपा चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है... वह लोगों को फोन करके धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने भगवा पार्टी को वोट नहीं दिया तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों को उनके घर भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने साथ ही कहा कि वह किसी विशेष भगवान की पूजा करने के भाजपा के किसी भी आदेश का पालन नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, मैं रामायण, कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहिब का अनुसरण करती हूं...मैं गरीब लोगों के घर जाने के बाद बाहर से आया खाना खाकर नाटक नहीं करती। बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र राजनीति करने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठा रहा है।



## आरएसएस और भाजपा की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**किशनगंज/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है।

अपनी ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के तहत यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग शासन के दौरान विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग आपस लड़ रहे हैं।

गांधी अपनी इस यात्रा के तहत ऐसे समय में बिहार आए हैं जब कांग्रेस के पूर्व सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन पहले फिर से पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले गए। यह 2020 में विधानसभा चुनावों में प्रचार के बाद से उनका पहला बिहार दौरा था। उन्होंने कहा, आरएसएस और भाजपा की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है।

गांधी ने कहा, वे (आरएसएस और भाजपा) लोगों को धर्म, जाति और भाषा के नाम पर आपस में लड़ने के लिए उकसाते हैं। भाई-भाई से लड़ रहे हैं... उन्होंने (आरएसएस और भाजपा) देश में यही माहौल बना दिया है। हम (कांग्रेस) लोगों को एकजुट करने के लिए काम करते हैं... हम ''नफरत के बाजार'' में ''मोहब्बत की दुकान'' खोलना चाहते हैं



## रंग बदलने में 'गिरगिट' को कड़ी टक्कर दे सकते हैं नीतीश : कांग्रेस

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापसी करने को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सोमवार को एक बार फिर से निशाना साधा और कहा कि वह रंग बदलने में 'गिरगिट' को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह कटाक्ष भी किया कि अब 'आया कुमार, गया कुमार' हो गया है।

नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और फिर भाजपा के सहयोग से एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जयराम रमेश ने तंज कसते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, शपथ लेने के बाद नीतीश कुमार जी मफलर राज भवन में भूल गए। आधे रास्ते से वापिस लौटकर लेने आए, तो राज्यपाल जी चौंक गए कि इस बार तो 15 मिनट भी नहीं हुए। उन्होंने कहा, गिरगिट को भी करनी पड़ी नए रंग की खोज, ये शूर वीर बदलते हैं, इतने रंग रोज। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में पत्रकारों से बात करते हुए रमेश ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं? मैंने कल कहा था, आया कुमार, गया कुमार'। नीतीश कुमार गिरगिट को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

## असली दुश्मनों की पहचान करने का समय आ गया है : मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य कठिन दौर से गुजर रहा है और अब समय आ गया है कि लोग एकजुट हों और पहचानें कि असली दुश्मन कौन है।

इंफाल रिंग रोड परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम आज एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है कि हम कठिन दौर का सामना कर रहे हैं। 1992-1993 के जातीय संघर्ष के दौरान 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। आज हम संघर्ष कर रहे हैं। हम उन तत्वों से निपट रहे हैं जो 2,000 साल से अधिक के इतिहास वाले राज्य को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, राज्य पिछले नौ महीने से अधिक समय से सोया नहीं है। सिंह ने कहा, हम उन्हें कभी भी जीतने या उनके मंसूबों में कामयाबी हासिल करने की अनुमति नहीं देंगे। सीमा क्षेत्रों में 3,000 से अधिक राज्य बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इंफाल घाटी में अशांति न फैलाएं। घाटी को शांतिपूर्ण रहने दें। मणिपुर की रक्षा ही हमारा एकमात्र कर्तव्य है।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर बुमराह को लगी फटकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दुबई/भाषा।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।

बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का अपराध है। उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया क्योंकि 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

बुमराह को अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2 . 12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था। भारत यह मैच 28 रन से हार गया था।



## सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में पदार्पण के साथ रजत जीता

**काहिरा/भाषा।** पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252 . 1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0 . 9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदकमिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्र के पहले विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633 . 1 और नैंसी ने 632 . 7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## प. बंगाल के मंत्री का आलू की जबरन नीलामी से इनकार

### कोल्ड स्टोरेज मालिकों की किराया बढ़ाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रदीप कुमार मजूमदार ने सोमवार को सामाजिक और व्यावहारिक चिंताओं का हवाला देते हुए नवंबर के बाद संग्रहीत अतिरिक्त आलू स्टॉक की जबरन नीलामी की मांग को खारिज कर दिया। यह निर्णय आलू उत्पादकों और शीत भंडारगृह मालिकों के बीच विवाद के बीच आया है, क्योंकि किसान अक्सर नवंबर की समयसीमा तक अपना स्टॉक खाली करने में विफल रहते हैं, जिसके कारण जनवरी तक समयसीमा का विस्तार करना पड़ता है।

पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने पहले मौजूदा स्टॉक को खाली करने और आगामी फसल (जनवरी-फरवरी) के लिए भंडारण की सुविधा के लिए सरकारी हस्तक्षेप की वकालत की थी, जिसमें कुछ लोगों ने जबरन नीलामी का सुझाव दिया था।

मजूमदार ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार द्वारा जबरन नीलामी न तो व्यावहारिक है और न ही संभव है। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज मालिकों से ऐसे समाधान तैयार करने का आग्रह किया जो किसानों और भंडारण परिचालकों दोनों के लिए उपयुक्त हों। इसके अलावा मजूमदार ने शीत भंडारगृह मालिकों से उच्च भंडारण शुल्क की अपनी मांगों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए इसके अध्यक्ष राजेश कुमार बंसल ने सरकार से एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के अनुसार कोल्ड स्टोरेज किराए को संशोधित कर 190- 194 रुपए प्रति क्विंटल करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य सरकार ने वर्ष 2016 से किराए को संशोधित नहीं किया है, जिससे यह पड़ोसी राज्यों (230-270 रुपए प्रति क्विंटल) की तुलना में काफी कम हो गया है। बंसल ने इस सीजन में आलू की खेती में पर्याप्त वृद्धि (4.6 लाख हेक्टेयर से अधिक) को रेखांकित किया और अनुमान लगाया कि कुल उत्पादन 110 लाख टन होगा, जो राज्य की घरेलू खपत 65 लाख टन से अधिक है।

## सुविचार

**कुछ मत पूछो, बदले में कुछ मत मांगो। जो देना है वो दो, वो तुम तक वापस आएगा, पर उसके बारे में अभी मत सोचो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नज़रिया और प्रेरक शब्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत के दौरान जिन बिंदुओं का उल्लेख किया, वे अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। विद्यार्थियों के जीवन से परीक्षा का तनाव दूर करने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन में मदद करने के लिए इन बिंदुओं पर विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह कथन वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक है कि 'माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए।' प्राय: यह देखने में आता है कि जब बच्चों के अच्छे अंक आ जाते हैं तो माता-पिता उनकी तारीफ के लिए आस-पास के लोगों के सामने रिपोर्ट कार्ड लेकर (अंकों का) जिक्र करते हैं। वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी इसे पोस्ट करते हैं। इसके पीछे उनकी मंशा अपनी खुशी साझा करनी होती है। वहीं, अगर बच्चा उनकी आशा के अनुरूप अंक नहीं ला पाया तो परिवार के सामने रिपोर्ट कार्ड लेकर कड़ी आलोचना की जाती है। ये दोनों ही तरीके बच्चे पर दबाव डालते हैं। अगर अंक ज्यादा आ गए तो बच्चा यह सोचकर चिंतित हो जाता है कि भविष्य में ऐसा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो माता-पिता अपने परिचितों और मित्रों के साथ क्या साझा करेंगे! कम अंक आने पर बच्चा कड़ी आलोचना और फटकार सुनकर हीनभावना महसूस करने लगता है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के दौरान कुछ बच्चों के मन में आत्महत्या जैसे खौफनाक कदम उठाने के ख़याल आने के पीछे कहीं-न-कहीं (बेहतर प्रदर्शन के लिए) पारिवारिक और सामाजिक दबाव भी एक वजह होता है। पढ़ाई या टेस्ट में पिछड़ने के बाद बच्चे के मन में सबसे पहला सवाल यही पैदा होता है- 'अगर मैं सफल नहीं हो पाया तो परिवार क्या कहेगा, आस-पास के लोग क्या कहेंगे?' ऐसे समय में विशेषज्ञों एवं मनोवैज्ञानिकों से परामर्श लेना चाहिए। जीवन अनमोल है। इसे क्षणिक आवेश और निराशा के भंवर में फंसकर समाप्त कर लेना अक्लमंदी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा कि 'अपने बच्चों के बीच कभी प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज न बोएं, बल्कि भाई-बहन एक-दूसरे के लिए प्रेरणा-स्रोत बनें।' कई परिवारों में जब किसी बच्चे को पढ़ाई के लिए 'प्रोत्साहन' देने की बात आती है तो रिश्तेदारों या आस-पास के बच्चों में से किसी का उदाहरण दिया जाता है। कुछ इस तरह भी कहा जाता है- 'उसे देख, वह तो कक्षा में प्रथम आया है और तुझे बमुश्किल द्वितीय श्रेणी मिली है ... उनका लड़का तो पढ़ाई में हर साल पुरस्कार लेकर आता है, तुम आजतक खाली हाथ हो ... उस रिश्तेदार के तो दोनों बच्चे अच्छी जगह नौकरी करने लगे, हमारे बच्चे अब तक फॉर्म ही भर रहे हैं ... तुम पर इतना पैसा लगा दिया, लेकिन परिणाम शून्य है ...।' ऐसी तुलना कालांतर में प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या तथा शत्रुता में बदल सकती है। निस्संदेह बच्चे को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उसकी कमियां भी बतानी चाहिएं, लेकिन इस दौरान शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शब्द ऐसे हों, जिन्हें सुनकर बच्चा अपनी ग़लतियां सुधारने के लिए प्रोत्साहन पाए, न कि उसमें हीनभावना पैदा हो। उदाहरण के लिए, एक विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए सुबह जल्दी नहीं उठता। माता-पिता चाहते हैं कि वह आलस्य छोड़े और अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे। इसके लिए अगर उसके सामने ऐसे महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत किए जाएं, जो सुबह जल्दी उठकर अध्ययन करते थे, तो उसे प्रेरणा मिलेगी। उसे देर तक सोने से होने वाली हानियों के बारे में भी बताना चाहिए। अगर उसे सुबह जल्दी उठने में दिक्कत होती है तो उसकी दिनचर्या में उचित बदलाव करने में मदद की जा सकती है। वहीं, अगर उसे यह कहकर जगाएंगे कि 'सूरज सिर पर चढ़ आया है और तुम अभी तक सो रहे हो, दुनिया आगे निकल गई ... तुम ज़िंदगी में क्या कर लोगे', तो उसे निश्चित रूप से बुरा लगेगा और इससे भविष्य में सुधार की संभावना कम ही होगी। नज़रिए में बदलाव और प्रेरक शब्द, दोनों मिलकर ऐसी शक्ति बना सकते हैं, जिससे विद्यार्थी बड़ी-बड़ी बाधाओं को उत्साहपूर्वक पार कर सकता है।

## ट्वीटर टॉक



जैसे मोबाइल को कार्य करने के लिए चार्जिंग की आवश्यकता होती है, उसी तरह बॉडी को भी रिचार्ज रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ मन के लिए शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रॉपर नींद लेना भी बहुत आवश्यक है।

**-नरेन्द्र मोदी**



कड़ी प्रतिस्पर्धा, परिवार की उम्मीदें और अच्छे ग्रेड्स लाने के दबाव के तनाव को कम करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में आज छात्रों का मनोबल बढ़ाया। प्रधानमंत्री जी के ये मूल मंत्र निश्चित ही छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

-दीया कुमारी



राष्ट्रहित के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले, त्याग व समर्पण के प्रतिमूर्ति, कुशल संगठनकर्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक श्रद्धेय प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया जी की जयंती पर सादर नमन।

**-वासुदेव देवनानी**

## प्रेरक प्रसंग

# नियमों की प्रतिबद्धता

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का प्रतिदिन समाचार सुनने का स्वभाव था। एक ट्रांजिस्टर सदा उनके पास रहता था। एक बार वे रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे थे। समाचार प्रसारित होने का समय था। दीनदयालजी ने सहयात्री से ट्रांजिस्टर चालू करने का निवेदन किया। सहयात्री बोला, 'ट्रांजिस्टर आपके पास भी तो है। आप अपना चालू कर दीजिए ना मुझे क्यों कह रहे हैं?' दीनदयालजी ने उस समय तो कोई उत्तर- नहीं दिया। पुनः आग्रह किया की ट्रांजिस्टर चला दें।

समाचार समाप्त होने घर पंडितजी ने उन सज्जन को धन्यवाद किया। सहयात्री को यह जानने की जिज्ञासा बनी रही कि पंडितजी ने अपने ट्रांजिस्टर का उपयोग क्यों नहीं किया। तब दीनदयालजी ने बताया, 'मेरे ट्रांजिस्टर के लाइसेंस की अवधि कल पूरी हो गई है। उसका नवीनीकरण होने तक मैं अपना ट्रांजिस्टर चालू नहीं कर सकता। अतः आपको कष्ट दिया है, क्षमा करें।' सहयात्री दीनदयालजी के नियम-पालन व्रत से प्रभावित हुआ और सदा के लिए उनका श्रद्धालु बन गया।

## सामयिक

# नीतीश का भाजपा के साथ आना ऐसी अंतिम घटना नहीं

**अवधेश कुमार**
मोबाइल-9811027208



बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाती है। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बहुत कुछ नहीं कहा। बावजूद इतना तो कहा ही कि हमने विरोधी दलों को इकट्ठा करने की कोशिश की, काम करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा था, अच्छा नहीं चल रहा था। यह भी कहा कि बहुत दिनों से तो मैंने बोलना ही बंद कर दिया था। दूसरी ओर दिल्ली में इस समय नीतीश कुमार के विश्वसनीय रणनीतिकार एवं पार्टी के नेता केसी त्यागी ने आईएनडीआईए की अंदरुनी स्थिति और उसमें भी कांग्रेस के व्यवहार पर ज्यादा टिप्पणी की। उनके पूरे वक्तव्य का अर्थ यही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले की आईएनडीआईए में तैयारी तो नहीं ही थी, बल्कि एक दूसरे के विरुद्ध नेता और पार्टियां काम कर रहे थे। इसमें उन्होंने कांग्रेस को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें मलाल है कि एक बड़ी हुई कांग्रेस पार्टी को भी हमने नेताओं के दरवाजे जा-जाकर जीवित कर दिया। जिस व्यक्ति ने सबसे पहले विपक्षी एकता की आवाज उठाई, जिसने विचार दिया कि भाजपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए तो ये सत्ता से हट जाएंगे, जिसने भाजपा को 150 सीटों से नीचे से सिमटाने की बात की, यदि वही बाहर आ गया तो भाजपा विरोधी दलों या पूरी राजनीति के लिए लोकसभा चुनाव के पूर्व इससे बड़ा आघात कुछ नहीं हो सकता है? नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी आईएनडीआईए के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें, अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है।

नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की तस्वीर तो यह है ही। सच कहा जाए तो नितीश कुमार के पाला बदलने के साथ आईएनडीआईए एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया। ध्यान रखिए नीतीश कुमार के अंदर 2010 से ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेतृत्व करने की छटपटाहट देखी है। वो हार मान कर अपनी आकांक्षा को बलि चढ़ा रहे हैं तो यह सामान्य पाला बदृ की घटना नहीं है। इस नाते बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? कारण, इस घटना के साथ विचारधारा जुड़ी है। नीतीश कुमार ने राजग से अलग होने के बाद भाजपा पर सांप्रदायिकता एवं समाज को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। आईएनडीआईए के गठन के पीछे भाजपा विरोधी दल विचारधारा की आवाज उठा रहे थे। नीतीश भी यही कह रहे थे कि ये लोग समाज को तोड़ने वाले हैं। इसलिए मोदी और भाजपा विरोधी राजनीति को सांप्रदायिकता बनाम सेक्युलरवाद का चरित्र देने की कोशिश थी। इसके साथ कांग्रेस सहित कई पार्टियों ने लोकतंत्र और संविधान बचाने की बात की और राहुल गांधी लगातार यही बोल रहे हैं। नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है। कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। बहुमत हिन्दुत्व के साथ है और उसे विपक्ष की राजनीति स्वीकारन नहीं। नीतीश कुमार को 22 जनवरी के बिहार को देखने के बाद इसका सम्पूर्ण अहसास हो गया होगा। कारण, बिहार में ऐसा कोई शहर और गांव नहीं जहां अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम नहीं हुए होंगे। हर पार्टी के अंदर ऐसे लोग खड़े हुए जिन्होंने अपने नेताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को गलत कहा। कॉन्ग्रेस के कई नेता तो सामने आकर इसके विरोध में वक्तव्य देने से भी नहीं चुके। निश्चय मानिए, नीतीश कुमार के निर्णय के पीछे प्राण प्रतिष्ठा भी एक प्रमुख कारक है।

देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा की ओर आने का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। इसी तरह की स्थिति दूसरे राज्यों में भी हो सकती है। संभव है महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। निश्चित मानिए आने वाले समय में तमिलनाडु में भी कुछ दल भाजपा के साथ आएंगे तो कुछ नेता विरोध परित्याग कर चुनाव में गठबंधन करने की कोशिश करेंगे। इस तरह नीतीश की राजग में वापसी 2024 लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विरोधी खेमे की प्रभावी संख्या बल के कमजोर होने तथा भाजपा की शक्ति विस्तार की नई शुरुआत है। यह प्रक्रिया आगे सशक्त होगी। नए शपथग्रहण समारोह में जय श्रीराम के नारे और नीतीश का उस पर पहले की तरह नकारात्मक प्रक्रिया व्यक्त न करना वास्तव में भारत की भावी राजनीति के बदलाव का संकेत है।

## ज्ञान विज्ञान

# हवा से पानी निकलेगा, नमी से बनेगी बिजली



**वैज्ञानिकों ने हवा से बिजली प्राप्त करने का तरीका भी खोजा है। एक नए अध्ययन के अनुसार छोटे छिद्रों से ढका हुआ कोई भी पदार्थ हवा की नमी से ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। अमेरिका में एमहर्स्ट स्थित मैसाचुसेट्स यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हवा से बिजली प्राप्त करने के लिए एक नैनो तकनीक विकसित की है।**

हवा से पानी संचित करने और बिजली बनाने का विचार कुछ अजीबोगरीब लगता है लेकिन दुनिया के वैज्ञानिक इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। दुनिया की आबादी के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ी चुनौती है। पृथ्वी पर सिर्फ 3 प्रतिशत पानी स्वच्छ है, जिसमें से 2.5 प्रतिशत पानी ग्लेशियरों, ध्रुवीय बर्फीली टोपियों, वायुमंडल और मिट्टी में कैद है। सिर्फ 0.5 प्रतिशत जल ही स्वच्छ जल के रूप में उपलब्ध है। अब बदलती जलवायु और बढ़ते प्रदूषण ने कई लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को और कम कर दिया है। दुनिया में 2.2 अरब से अधिक लोग पानी की कमी वाले देशों में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि हर साल 35 लाख लोग पानी से संबंधित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। ऐसे में पानी को आसानी से उपलब्ध कराने वाली तकनीक समय की मांग है।

बेहतर पेयजल की सबसे अधिक आवश्यकता दुनिया के उन क्षेत्रों में है जहां सबसे ज्यादा धूप पड़ती हैं। यही वजह है कि स्वच्छ पानी प्राप्त करने के लिए कुछ वैज्ञानिक सूर्य के प्रकाश का उपयोग करना चाहते हैं। खारे पानी को स्वच्छ जल में बदलने के लिए अलवणीकरण संयंत्र उन क्षेत्रों में संभव हैं जो तटों के करीब हैं लेकिन दूरदराज के शुष्क क्षेत्रों में जहां पानी की भारी कमी है, हवा में मौजूद वाष्प ताजे पानी का एकमात्र स्रोत है। चीन में शंघाई जिओ टोंग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नई सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल संचयन तकनीक विकसित की है जो शुष्क क्षेत्रों में लोगों को जीवित रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध कराने में मदद कर सकती है। शोधकर्ताओं ने एप्लाइड फिजिक्स रिव्यूज पत्रिका में इस तकनीक का ब्योरा दिया है। अध्ययन के प्रमुख लेखक रूझू वांग का कहना है कि इस वायुमंडलीय जल संचयन तकनीक का उपयोग घरेलू पेयजल, औद्योगिक पानी और शरीर की साफ़-सफाई के लिए पानी की दैनिक जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

वायुमंडल से पानी निकालना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए विज्ञानी हाइड्रोजेल पॉलिमर और नमक का उपयोग करते हैं। लेकिन शोधकर्ताओं को हाइड्रोजेल में नमक प्रविष्ट करते समय कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है क्योंकि नमक का अधिक अंश हाइड्रोजेल के फूलने की क्षमता को कम कर देता है। इससे नमक का रिसाव होता है और हाइड्रोजेल की पानी सोखने की क्षमता कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने नए प्रयोग में पाया कि जब 1 ग्राम पॉलिमर में 5 ग्राम तक नमक डाला गया, तो जेल अच्छी तरह से फूल गया और उसमें नमक को ग्रहण करने के गुण बने रहे। शोधकर्ताओं ने पौधों से निकले पदार्थों और लवणों का उपयोग करके एक सुपर हाइग्रोस्कोपिक जेल का संश्लेषण किया जो बड़ी मात्रा में पानी को अवशोषित करने और उसे बनाए रखने में सक्षम था। ध्यान रहे कि हाइग्रोस्कोपिक जेल में वायुमंडल की नमी से पानी एकत्र करने की क्षमता होती है। एक किलोग्राम सूखा जेल शुष्क वायुमंडलीय वातावरण में 1.18 किलोग्राम पानी और आर्द्र वायुमंडलीय वातावरण में 6.4 किलोग्राम तक पानी सोख सकता है। जेल तैयार करने में सरल और सस्ता था व बड़े पैमाने पर तैयार करना संभव है। नई तकनीक जल उत्पादन के अलावा भविष्य के अनुप्रयोगों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इनमें नमी घटाना, कृषि सिंचाई आदि शामिल है।

वैज्ञानिकों ने हवा से बिजली प्राप्त करने का तरीका भी खोजा है। एक नए अध्ययन के अनुसार छोटे छिद्रों से ढका हुआ कोई भी पदार्थ हवा की नमी से ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। अमेरिका में एमहर्स्ट स्थित मैसाचुसेटस यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हवा से बिजली प्राप्त करने के लिए एक नैनो तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से 100 नैनोमीटर से कम व्यास वाले अत्यंत सूक्ष्म छिद्रों (नैनोपोर) वाली किसी भी सामग्री का उपयोग लगातार बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है। एक नैनोमीटर एक मीटर का अरबवां हिस्सा होता है। इस आविष्कार में दो इलेक्ट्रोड और पदार्थ की एक पतली परत शामिल है। इस पदार्थ पर 100 नैनोमीटर से कम व्यास वाले छोटे छिद्रों का आवरण होना चाहिए। इस उपकरण में पानी के मॉलिक्यूल ऊपरी चैंबर से निचली चैंबर तक गुजरते हैं।

## नजरिया

# स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श नायक थे महात्मा गांधी

**योगेश कुमार गोयल**
मोबाइल : 9034304041.

दो अक्तूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी की आज 76वीं पुण्यतिथि है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया था। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखी, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था।

महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे।

सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?'

जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आन्दोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आन्दोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आन्दोलन ही था।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# अगर मोदी 2024 का लोकसभा चुनाव जीत गए, तो फिर भारत में कोई चुनाव नहीं होगा : खरगे

**भुवनेश्वर/भाषा**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे ''जहर के समान'' हैं।

खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा, यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेंद्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। उन्होंने यह भी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने का आगामी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, महागठबंधन से एक व्यक्ति के जाने से हम कमजोर नहीं होंगे। हम भाजपा को हरा देंगे।

## कार्यशाला



हैदराबाद में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी सोमवार को हैदराबाद में भाजपा शक्ति वंदन कार्यशाला को संबोधित करते हुए।

# 'गहन' बातचीत के लिए पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे ईरान के मंत्री

**इस्लामाबाद/भाषा**

ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोलाहियान सोमवार को यहां अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ ''गहन'' बातचीत करेंगे। कुछ दिन पहले ईरान ने पाकिस्तान के सीमा क्षेत्र में कथित आतंकवादी ठिकानों पर सैन्य हमले किए थे जिसका पाकिस्तान ने भी जैसे को तैसा जवाब दिया था।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियान का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियान विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ से मुलाकात करेंगे।

यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के सशस्त्र संघर्ष से बाल-बाल बचने के बाद हो रही है। स्थिति तब बिगड़ने से बच गई जब इस कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान द्वारा जवाबी हमले शुरू करने के बाद ईरान ने खुद को जवाबी कार्रवाई करने से रोक लिया। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में ''आतंकवादी ठिकानों'' के खिलाफ ''निशाना बनाकर सैन्य हमले'' किए जिसमें नौ लोग मारे गए। इस हमले में ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों का इस्तेमाल देखा गया जिसमें पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के दो ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

विवाद के बाद संबंधों में सुधार हुआ है लेकिन आतंकवादियों ने शनिवार को ईरान के सिस्तान-ब्लूचिस्तान प्रांत में नौ पाकिस्तानी मजदूरों की हत्या कर दी, जिससे नई चिंताएं पैदा हो गईं।

# पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कराची में चुनावी हिंसा बढ़ी

**कराची/भाषा**

पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले देश के सबसे बड़े शहर कराची में तनाव बढ़ रहा है। राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे को पटखनी देने में जुटे दलों के बीच पहले ही कई बार झड़प हो चुकी हैं।

सोमवार को, नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं। झड़प के दौरान पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ हुई गोलीबारी में मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की एक चुनावी रैली के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और कार्यकर्ताओं को जबरन तितर-बितर कर दिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गए।

दक्षिणी प्रांत सिंध, विशेष रूप से पाकिस्तान के आर्थिक केंद्र कराची में सियासी माहौल गर्म है और सभी दल एक दूसरे से जमकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कराची पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) का गढ़ माना जाता है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, सिंध और कराची में पीपीपी के स्थायी प्रभाव के बावजूद, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य बदलने की संभावना है।

पीपीपी, एमक्यूएम-पी, पीटीआई, जमात-ए-इस्लामी और कुछ निर्दलीय उम्मीदवार कराची में प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का शहर में सीमित प्रभाव है, और वह अन्य प्रांतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। इस चुनाव में पीएमएल-एन की जीत की संभावना जताई जा रही है।

राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए प्रमुख स्थान क्लिफ्टन के तीन तलवार में रविवार को हुई घटना के दौरान पुलिस ने दावा किया कि पीटीआई ने रेड जोन में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्व अनुमति नहीं ली थी। हालांकि, पार्टी ने कहा कि उसे प्रचार करने के उसके संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

# सोमाली समुद्री दस्युओं पर श्रीलंकाई नौका को जब्त करने, चालक दल के अपहरण का संदेह

**कोलंबो/एपी**

श्रीलंका की एक मछली पकड़ने की नौका और उसके चालक दल के छह सदस्यों के लापता होने के मद्देनजर श्रीलंका के राजनयिक सोमाली अधिकारियों से बात कर उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आशंका है कि सोमाली समुद्री दस्युओं ने दो दिन पहले इस नौका को जब्त कर लिया और उसके चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अपहरण की ये घटना ऐसे वक्त हुई है जब दो सप्ताह पहले श्रीलंका ने कहा था कि वह यमन स्थित हूती विद्रोहियों के हमलों के खिलाफ लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले अभियान में शामिल होगा।

सोमालिया के समुद्री क्षेत्र में अपहरण की अन्य संदिग्ध घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नौवहन में अराजकता पैदा करने के एक दशक बाद सोमाली समुद्री दस्युओं की फिर से गतिविधि शुरू हो गई हैं। श्रीलंकाई नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या के अनुसार, श्रीलंका की नौका का अपहरण सोमालिया के पूर्व में लगभग 840 समुद्री मील, श्रीलंका से 1,100 समुद्री मील और सेशेल्स के उत्तर में अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ। उन्होंने कहा, अब तक हमारी उनसे कोई बात नहीं हुई है या उनकी मौजूदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह मछुआरों की रिहाई के लिए काम कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता निलुका कादुर्गामुवा ने कहा, अफ्रीकी क्षेत्र में श्रीलंका के राजदूतों ने मछुआरों की रिहाई और उनकी मछली पकड़ने की नौका को जल्द से जल्द वापस कराने के लिए सोमालिया के अधिकारियों के साथ पहले ही संपर्क स्थापित कर लिया है।

## अभिवादन



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को किशनगंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए।

# रणबीर और आलिया को मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड के रॉकस्टार अभिनेता रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जबकि आलिया भट्ट को 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया ।फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया।विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विक्की कौशल को फिल्म 'डंकी' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला जबकि शबाना आजमी को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला।बेस्ट प्लेबैक (मेल) का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'एनिमल' के 'अर्जन वैली' के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। वहीं बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'पठान' के 'बेशरम रंग' के लिए शिल्पा राव को दिया गया।

बेस्ट म्यूजिक एल्बम का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'एनिमल' के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला।बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता।

बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का फिल्म फेयर अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला।विक्रांत



मेस्सी को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया।रानी मुखर्जी को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए दिया गया।बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।बेस्ट डेब्यू फीमेल का फिल्मफेयर अवॉर्ड सलमान खान की भांजी अलीजेह को दिया गया।आदित्य रावल को फिल्म फराज के लिये बेस्ट डेब्यू मेल का पुरस्कार दिया गया।'जरा हटके जरा बचके' के 'तेरे वास्ते' के लिए अमिताभ भट्टाचार्य को बेस्ट सॉन्ग का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला।

बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। निर्देशक डेविड धवन को फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। बेस्ट स्क्रीनप्ले का पुरस्कार विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिये दिया गया।अपकमिंग म्यूजिक टैलेंट (आरडी बर्मन अवॉर्ड) श्रेयस पुराणिक को एनिमल के गाना सतरंगा के लिये जीता।

# श्रीमद रामायण में सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची बंसल

**मुंबई/वार्ता**



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद रामायाण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद रामायण' में भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। श्रीमद रामायण में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का किरदार सुजय रेऊ जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा,माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि मुझे यह भूमिका मिल गई है, मेरी आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था।बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में, हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम अंततः वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए। यह एक रोमांचक यात्रा रही है, लेकिन सकारात्मक स्वागत और सीता के रूप में मेरी स्वीकृति ने इसे सार्थक बना दिया है, और मैं दर्शकों के समर्थन और सराहना के लिए आभारी हूं।

प्राची बंसल ने कहा,जब मैं सेट पर होती हूं तो सीता का किरदार निभाना स्वाभाविक लगता है। सुजय के साथ काम करना एक सुखद अनुभव रहा है। वह बड़े नरम दिल, मिलनसार और सहयोगी है। हमारे बीच परफॉर्मेंस को लेकर गहरी समझ है।

# मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म 'मजनू'

**मुंबई/वार्ता**

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। फ़िल्म मजनू में गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है।हशमत सुल्ताना, कमाल खान,नछतर गिल, जैस्मिन अख़्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाये हैं।श्री तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। शालीमार प्रोडक्शन्स लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म मजनू के सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, फ़िल्म के लेखक सभा वर्मा हैं।गीतकार गुरमीत सिंह, ऋषि मल्ही और मनीषा व्यास हैं।



# नितेश तिवारी की रामायण के पहले भाग कैमियो करेंगे सनी देओल

**मुंबई/एजेन्सी**

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से सुर्खियां बटोर रही है। इसको लेकर आए दिन अपडेट सामने आती रहती है। कभी किसी एक्टर के फिल्म से जुड़ने की खबरें आती हैं, तो कभी रिप्लेस करने से जुड़ी जानकारी मिलती है। कुछ दिनों पहले ही कहा गया था कि 'रामायण' में सनी, 'हनुमान' का किरदार निभाएंगे, लेकिन मेकर्स की ओर से इस खबर पर कुछ भी कंफर्म नहीं किया गया था।

अब लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक सनी को 'रामायण' के लिए फाइनल कर लिया गया है।



सनी राम भक्त 'हनुमान' का किरदार निभाने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के हिसाब से सनी मई से शूटिंग शुरू करेंगे। बता दें कि नितेश 'रामायण' को बहुत बड़े पैमाने पर बना रहे हैं। फिल्म तीन पार्ट्स में बनाई जाएगी। कहा जा रहा है कि पहले पार्ट में सनी कैमियो करते दिखाई देंगे, जबकि दूसरे और तीसरे पार्ट में उनका 'हनुमान' के रूप में ही फुल अपीयरेंस होगा।

मेकर्स को भरोसा है कि दिवंगत एक्टर दारा सिंह के बाद, सनी देओल भी इस किरदार से इतिहास रचने वाले हैं। दारा सिंह ने 1987-88 में रामानंद सागर के धारावाहिक 'रामायण' में हनुमानजी के रूप में दर्शकों का खूब प्यार बटोरा था। नितेश ने अपनी फिल्म के लिए एक से एक बेहतरीन स्टार्स को कास्ट किया है। अभिनेता रणबीर कपूर 'श्रीराम' का किरदार निभाएंगे। साउथ इंडियन एक्ट्रेस साई पल्लवी 'माता सीता' का, यश 'लंकापति रावण' और विजय सेतुपति 'विभीषण' के रोल में नजर आएंगे।

# 'फाइटर' ने 4 दिन की कमाई 120 करोड़ के पार

**मुंबई/एजेन्सी**

'पठान' जैसी धुआंधार ब्लॉकबस्टर देने के बाद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक बार फिर से वर्ष की पहली हिट फिल्म बॉलीवुड को देने में सफलता प्राप्त कर ली है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के साथ उनकी फिल्म 'फाइटर' इन दिनों थिएटर्स में धमाल मचा रही है। इंडिया की पहली एरियल एक्शन फिल्म कही जा रही 'फाइटर', जनता को बहुत प्रभावित कर रही है और इसका कमाल फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर भी नजर आ रहा है। गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई 'फाइटर' ने शुरुआत तो उम्मीद से बहुत धीमी की थी, मगर फिल्म को मिले सॉलिड रिव्यूज और जनता का पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ पहले दिन से ही इसकी कमाई पर असर दिखाने लगे। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी वाले दिन 'फाइटर' ने करीब 70% का जंप लिया। ऐसे बड़े जंप के बाद फिल्म ने शनिवार और रविवार को भी रफ्तार बनाए रखी और सॉलिड वीकेंड कलेक्शन किया।



गुरुवार को 25 करोड़ रुपये से कम ओपनिंग करने वाली 'फाइटर' ने शनिवार को 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया। गणतंत्र दिवस के हॉलिडे ने फिल्म को बहुत मदद पहुंचाई। इतने बड़े दिन के बाद शनिवार को फिल्म ने 27.60 करोड़ कमाए और सॉलिड बनी रही। अब रविवार की ट्रेड रिपोर्ट्स कहती हैं कि 'फाइटर' ने चौथे दिन 28 से 29 करोड़ रुपये के बीच कलेक्शन किया है। फाइनल आंकड़ों में कमाई, इस अनुमान से थोड़ी बहुत ज्यादा भी हो सकती है। यानी अब तक चार दिनों में 'फाइटर' का नेट कलेक्शन 120 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है।

'फाइटर' के साथ ऋतिक के खाते में 7वीं 100 करोड़ वाली फिल्म आ गई है। ये फिल्म ऋतिक के करियर का दूसरा बेस्ट वीकेंड कलेक्शन लेकर आई है। ऋतिक के करियर में अभी तक सबसे बड़ा वीकेंड कलेक्शन 'वॉर' से आया है। टाइगर श्रॉफ के साथ ऋतिक की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले वीकेंड में 166 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन किया था।

ऋतिक के करियर में 'वॉर' और 'फाइटर' के बाद तीसरी टॉप ओपनिंग 'बैंग बैंग' के नाम है। कैटरीना कैफ के साथ ऋतिक की जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर पहले वीकेंड में 94 करोड़ कमाए थे। ऋतिक रोशन और सिद्धार्थ आनंद का साथ बॉक्स ऑफिस पर कितना कामयाब है, इसका प्रूफ ये वीकेंड कलेक्शन हैं।

ऋतिक के करियर के तीनों बेस्ट वीकेंड कलेक्शन, सिद्धार्थ की ही फिल्मों से आए हैं। 'फाइटर' के सामने अब सबसे बड़ा टेस्ट सोमवार का है। हफ्ते का पहला वर्किंग डे फिल्मों का भविष्य बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। जिस तरह 'फाइटर' का बॉक्स ऑफिस ट्रेंड चल रहा है, अगर ये मंडे को 60% से कम गिरावट के साथ कमाई करने में कामयाब होती है, तो फिल्म का आगे का सफर बहुत आराम से कटेगा।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।




# सुंधा माता की भजन संध्या में उमड़ी भक्तों के भीड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** स्थानीय सुंधा माता भक्त मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय भजन संध्या सुंधा माता के नाम का आयोजन साहूकारपेट के तुलसिंघम स्ट्रीट स्थित राजेश्वर भवन में रविवार को हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ जिसमे भक्तों की रेलम पेल रही।

सुंधा माता भक्त मंडल की ओर से लगातार 18वीं बार भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान के बालोतरा से आई भजन कलाकार माधुरी वैष्णव नरसी सिंह राजपुरोहित एवम अजीत ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का खूब मनमोहा तथा भक्तो द्वारा माता के जयकारे से पूरा हॉल गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में श्री राम जानकी एवं लक्ष्मण की झांकी प्रदर्शित की गई जिसे सभी ने सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेन्नई सेंट्रल भाजपा जिला सचिव पवन कुमार राजपुरोहित उपस्थित रहे । मंच का सुंदर संचालन वरिष्ठ समाजसेवी डार्विन शर्मा ने किया। यह जानकारी सुंधा माता भक्त मंडल के अध्यक्ष किशन राज गजानी ने दिया है।






# होसपेट में अल्पसंख्यक जागृति सम्मेलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/बीजापुर। जीतो केकेजी जोन के अंतर्गत बीजापुर जिले के होसपेट क्षेत्र नवकार नगरी में अल्पसंख्यक जागृति का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य राज्य और केंद्र के स्तर पर विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जैन समुदाय को पूर्ण विवरण के द्वारा जागृति पैदा करें और प्रतिभागियों को उनका लाभ दिलवाएं। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई से पधारे हुए जीतो एपेक्स के अल्पसंख्यक सचिन भावेश शाह, होसपेट के विधायक एचआर गावियप्पा, जीतो एपेक्स के निर्देशक मनोज जैन, केकेजी जौन के सचिव विनोद बागरेचा, केकेजी जोन की अल्पसंख्यक संयोजिका कविता जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में पांच विभागों के वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

विभिन्न योजनाओं का विवरण दिया गया। कई जनरल योजनाओं के साथ जनरल स्कॉलरशिप प्रधानमंत्री योजना और उद्योग स्थापना लोन इनके बारे में भी जानकारी दी गई।

अतिथियों और जीतो के पदाधिकारियों द्वारा जीतो माइनॉरिटी बुक का विमोचन किया गया। बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में चैप्टर के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, अल्पसंख्यक संयोजक इंद्र कुमार, महासचिव देवेंद्र, चैप्टर के महिला अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन कविता जैन ने किया।

# श्रीराम तिलक महोत्सव में उमड़ा चेन्नई माहेश्वरी समाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित राम तिलक महोत्सव स्थानीय डीजी वैष्णव कॉलेज में धूमधाम से संपन्न हुआ्। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण कुमार माहेश्वरी परिवार द्वारा पूजा-अर्चना से हुई, जो आचार्य श्रीनिवास श्रीमाली ने करवाई्। सचिव संजय मूंदड़ा ने बताया कि 4 बजे से विशाल शोभायात्रा कॉलेज प्रांगण में निकाली गई्। प्रभु राम के स्वागत में कॉलेज प्रांगण को सजाया गया। भक्तगण भजन गाते हुए ऑडिटोरियम तक पहुंचे।

कार्यक्रम समन्वयक विमला दम्मानी ने बताया कि मंत्रोच्चार के साथ राम दरबार की स्थापना की गई्। इसके बाद तिलक, सामूहिक अर्चना, छप्पन भोग, महा आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसमें माहेश्वरी समाज के 80 बच्चों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में सुदर्शन मंत्री और सभा की साथी संस्थाओं, माहेश्वरी युवा मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब, माहेश्वरी क्लब और कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहयोग मिला। छप्पन भोग की सामग्री और खानपान की व्यवस्था कमल गोयदानी और उनके सहयोगियों ने संभाली। राम तिलक महोत्सव के मुख्य मनोरथी कृष्णकुमार माहेश्वरी परिवार और सहमनोरथी पद्मश्री बंसीलाल नवलकिशोर राठी, श्यामसुंदर विमला दम्मानी, अशोक कुमार मयुरेश, रितेश विवेक लखोटिया आदि रहे। सभा अध्यक्ष डॉ. अशोक मूंदड़ा ने बताया कि इतने महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान का सफल आयोजन तभी संभव है, जब श्रीराम का आशीर्वाद हो। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा दक्षिणांचल के उपाध्यक्ष अरुण भांगड़िया, संयोजक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सतीश चरखा, टीकेपी प्रादेशिक महिला समिति अध्यक्ष ममता दम्मानी, तमिलनाडु केरल पुडुचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सदस्यों चेन्नई माहेश्वरी समाज के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन वंदना बागड़ी ने किया। संजय मूंदडा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर 3 फरवरी से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अग्रवाल सभा द्वारा सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन 3 फरवरी से अन्ना नगर स्थित एसआरकेके अग्रवाल सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान, हनुमानगढ़ से एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट रवींद्र कुमार अपनी टीम के साथ सेवा देने के लिए आए हैं्।

अग्रवाल सभा के महासचिव जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि एक्यूप्रेशर शिविर प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित है। एक्यूप्रेशर पद्धति से शरीर में रक्त संचार तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वर्तमान में हर व्यक्ति इन समस्याओं से जूझ रहा है। इनके उपचार के लिए सभा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस सात दिवसीय चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रु. रखा गया है। शिविर आयोजन को सफल बनाने के लिए सभा अध्यक्ष इंद्रराज बंसल अपनी टीम के साथ तैयारियों में व्यस्त हैं्।



# रामोत्सव में बही सुमधुर भजनों की बयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां उत्तर प्रदेश सेवा मण्डल के तत्वावधान में शहर के गांधीनगर स्थित वैष्णव समाज भवन में गत रविवार को रामोत्सव एवं अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्य परिवार सहित शामिल हुए। दोपहर में अन्नदान कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अपरान्ह पूजा के मुख्य यजमान मयूर गर्ग द्वारा प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात भजन संध्या में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति का सिलसिला प्रारंभ हुआ और उपस्थित जनसमुदाय ने भक्ति रस की मंदाकिनी में जमकर गोते लगाये। मंडल के उपाध्यक्ष एवं भजन गायक प्रवीण मिश्रा ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि लोग अपनी सुध-बुध भूलकर भावविभोर हो गये।

भजन गायक दिलीप व नरेश ने भी उनका पूरा साथ दिया। इससे पूर्व अध्यक्ष केके दुबे ने रामोत्सव में पधारे हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में भव्य दिव्य श्री राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से विश्व के सभी रामभक्तों को अपार खुशी मिली है।

इस मौके पर सेवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेशचन्द्र अग्रवाल, नरेन्द्र गर्ग, गोपाल चौरसिया, एनके गुप्ता, छोटेलाल चौरसिया, सुभाषचन्द अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सचिव वीके पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बीएचईएल ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बीएचईएल ने देशभर में अपने सभी कार्यालयों में भारत का 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कोप्पु सदाशिव मूर्ति ने नोएडा स्थित कंपनी की टाउनशिप में आयोजित एक समारोह में तिरंगा फहराया।

समारोह में बीएचईएल के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने समारोह में उपस्थित बीएचईएल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



# भव्य प्रवेश द्वार और सैम मानेकशॉ की प्रतिमा का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के परेड ग्राउंड में लेफ्टिनेंट जनरल केएस बरार ने फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को समर्पित भव्य प्रवेश द्वार और प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में इतिहास को संरक्षित करने, फील्ड मार्शल मानेकशॉ की उपलब्धियों और राष्ट्रीय महत्त्व की घटनाओं पर प्रकाश डाला। मेजर जनरल रवि मुरुगन के नेतृत्व में यह परियोजना आठ सप्ताह में पूरी हुई्। 66 फीट चौड़ा और 20 फीट ऊंचा यह गेट अनुशासन का प्रतीक है। यह आकर्षक वास्तुशिल्प का उदाहरण है, जिसमें आधुनिक डिजाइन के साथ परंपरा का सहज मिश्रण है।

विशाल गेट के मध्य में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की 7 फीट की लोहे के फ्रेम वाली प्रतिमा है, जिसके पार्श्व में दक्षिणी कमान और कर्नाटक व केरल उपक्षेत्र का प्रतीक चिह्न लगा हुआ है। शानदार शिल्प कौशल के साथ यह प्रतिमा उनके दृढ़ नेतृत्व को दर्शाती है और राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाती है। गेट के शीर्ष पर क्रेस्ट सेना के मूल्यों, लोकाचार और भावना को दर्शाती है।

उद्घाटन समारोह में गणमान्य व्यक्तियों, सैन्य अधिकारियों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि ने आर्मी पब्लिक स्कूल कामराज रोड, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेंगलूरु और अन्य की मार्चिंग टुकड़ियों को पुरस्कार दिए्। इन टुकड़ियों ने परेड ग्राउंड पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था और जीत हासिल की थी।

# 'इंडि' गठबंधन का खेला खत्म : केशव प्रसाद मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडि) का खेला खत्म हो चुका है।

'इंडि' से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से बिहार में नौंवी बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के एक दिन बाद सोमवार को केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि ''कांग्रेस के सरदार श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा विफल हो चुकी है, तीसरी बार मोदी सरकार को इंडी (इंडि) गठबंधन नहीं रोक पाएगा।

मौर्य ने कहा, इंडी गठबंधन का खेला खत्म हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत सोमवार को बिहार के किशनगंज जिले में पहुंचे।

न्याय यात्रा ऐसे समय में बिहार में प्रवेश की है जब कांग्रेस के पूर्व सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन पहले फिर से पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले गए।

इस बीच उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ''भाजपा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से आम आदमी के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कामयाब रही है।

पाठक ने कहा कि ''सभी का मानना है कि मोदी जी ही देश को मजबूत सरकार दे सकते हैं। धीरे-धीरे कारवां बढ़ता जा रहा है। राजग गठबंधन मजबूत होता जा रहा है, उप्र की सभी 80 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेंगे। मोदी जी तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।



# टीपीएफ ने साइक्लोथॉन का किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) बेंगलूरु ने फिटनेस और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक साइक्लिंग कार्यक्रम 'टीपीएफ संकल्प साइक्लोथॉन चैप्टर-2' का आयोजन किया। बेंगलूरु के गांधीनगर में कार्यक्रम के संयोजक सुमित धारेवा और सह-संयोजक विशाल जैन ने नेतृत्व में कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 6 किलोमीटर साइकिल रैली में टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, टीपीएफ के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव लक्ष्मीपथ मालू, टीपीएफ दक्षिण क्षेत्र के सचिव श्रवण सियाल, तेरापंथ अणुव्रत समिति उपाध्यक्ष माणकचंदजी संचेती सहित कार्यकारिणी की टीम उपस्थित थे।




## अभिवादन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत के बाद लोगों से मिलते हुए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.